रोहतक
गुरुवार 16 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 162
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम हरियाणा
अधि. 40.5°C
न्यून. 24.9°C

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा भारत, इंग्लैंड से दूसरी भिड़ंत आज

## खबर संक्षेप

### नीट यूजी फीस रिफंड की लास्ट डेट फिर बढ़ी



नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से नीट यूजी फीस रिफंड के लिए लास्ट डेट को एक बार फिर से 31 जुलाई तक के लिए बढ़ा दिया गया है। ऐसे में जो छात्र किसी कारणवश भी तक अपनी फीस वापसी के लिए आवेदन नहीं कर सके वे ऑनलाइन माध्यम से बैंक डिटेल अपडेट कर सकते हैं। 1146401 ने ही अप्लाई किया है। *एजेंसी*

### सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट का डेटा लीक

चेन्नई। भारत के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट कुडनकुलम से जुड़े हजारों दस्तावेज लीक हो गए हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, हैकर्स ग्रुप 'वर्ल्ड लीक्स' ने डार्क वेब पर इन दस्तावेजों को अपलोड करने का दावा किया है। इनमें पावर प्लांट के कुछ हिस्सों के ब्लूप्रिंट, सप्लायर्स की लिस्ट, कंट्रोल रूम और अन्य रिकॉर्ड सार्वजनिक किए गए। सर्वर मई में हैक हुआ था, जून में दस्तावेज लीक का दावा किया गया। इसकी जानकारी अब सामने आई है। *एजेंसी*

### 6 साल से जेल में बंद खालिद को राहत

नई दिल्ली। दिल्ली दंगा मामले में आरोपी उमर खालिद को राहत देते हुए कड़कड़डूमा कोर्ट ने उन्हें



सप्ताह में दो बार परिवार से वीडियो कॉल (ई-मुलाकात) की अनुमति दे दी है। अदालत ने यह आदेश खालिद की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। अदालत ने कहा कि खालिद पिछले 6 सालों से सप्ताह में दो बार ई-मुलाकात की सुविधा ले रहा था और इस दौरान उसने जेल के किसी नियम का उल्लंघन नहीं किया। *एजेंसी*

### आईआरसीटीसी का नया पोर्टल हुआ लॉन्च

नई दिल्ली। आईआरसीटीसी की नई वेबसाइट का बीटा वर्जन लॉन्च हो गया है। जो मौजूदा



वेबसाइट के होमपेज पर भी दिया गया है। नए लुक में कोई अनावश्यक कैप्चा नहीं। कोई अनावश्यक पॉप-अप नहीं। कोई चमकते ग्राफिक्स नहीं। ध्यान भटकाने वाली कोई चीज नहीं। सीट की उपलब्धताः सभी क्लास में दिखाई देती है। बुकिंग के लिए ज़रूरी स्टेप्स की संख्या कम की गई है। यात्री की जानकारी सेव रहती है। *एजेंसी*

## भारत-यूके के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट लागू, मजबूत होगी अर्थव्यवस्था

# लग्जरी कारें, ब्यूटी प्रोडक्ट, कपड़े और मेडिकल डिवाइस होंगे सस्ते

## ब्रिटेन के 99 फीसदी सामान औसतन 3 प्रतिशत टैरिफ पर होंगे आयात


नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में ब्रिटेन की कारें, व्हिस्की, कपड़े और फुटवियर अब सस्ते मिलेंगे। गुरुवार से भारत-यूके के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट लागू हो गया है। यानी अब भारत के 99% सामानों को ब्रिटेन में जीरो टैरिफ पर निर्यात किया जाएगा। वहीं, यूके के 99% सामान 3% औसतन टैरिफ पर आयात होंगे। इससे 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 120 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। करीब 3 साल में 14 दौर की बातचीत के बाद 24 जुलाई 2025 को वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटिश व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने पीएम नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर की मौजूदगी में इस समझौते पर साइन किए थे।

### ब्रिटिश हाई कमिश्नर ने कहा-'ऐतिहासिक पल'

इस व्यापार समझौते के लागू होने से पहले भारत में ब्रिटेन की हाई कमिश्नर लिंडी कैमरन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'उल्टी गिनती शुरू हो गई है। यूके और भारत इस बात पर सहमत हैं कि फ्री ट्रेड एग्रीमेंट 15 जुलाई से लागू हो जाएगा। यह आधुनिक यूके-भारत पार्टनरशिप के लिए ऐतिहासिक पल है। यह दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए ग्रोथ के नए युग की शुरुआत करेगा।'

*भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार अभी 60 अरब डॉलर का*

*एफटीए के तहत अगले 3-4 साल में 100 अरब डॉलर तक पहुंचाना लक्ष्य*



*यूके के 949 अरब डॉलर के इंपोर्ट में भारत की हिस्सेदारी 2% से भी कम*

*टेक्सटाइल और चमड़ा जैसे लेबर बेस्ड सेक्टर में नई नौकरियां पैदा होंगी*

### ये चीजें होंगी सस्ती

- ब्रिटेन से आयात होने वाले सामानों पर औसत टैरिफ 15% से घटकर 3% होगा। 85% सामान 10 साल में पूरी तरह टैरिफ-मुक्त होंगे। इससे कई चीजें सस्ती होंगी
- **व्हिस्की और जिन:** ब्रिटेन से आयात होने वाली स्कॉच व्हिस्की और जिन पर भारत का टैरिफ 150% से घटकर 75% हो जाएगा। बाद में समझौते के दसवें साल तक इसे घटाकर 40% कर दिया जाएगा। उदाहरण- 5000 रुपये की स्कॉच बॉटल 3500 रुपये में मिलेगी।
- **लग्जरी कारें:** ब्रिटेन की कारों (जैसे जगुआर लैंड रोवर, रोल्स रॉयस) पर टैरिफ 100% से कोटा सिस्टम के तहत 10% तक आ जाएगा। इससे ये कारें 20-30% सस्ती हो सकती हैं।
- **खाद्य और पेय पदार्थ:** ब्रिटेन से आयात होने वाले सैल्मन, लैंब, चॉकलेट, बिस्किट और सॉफ्ट ड्रिंक्स पर टैरिफ कम होगा। इससे ये उत्पाद सस्ते होंगे।

### इन सेक्टर्स को होगा फायदा

- **टेक्सटाइल सेक्टर :** यूके में भारतीय कपड़ों और होम टेक्सटाइल्स जैसे चादर, परदे पर 8-12% टैक्स लगता था, वो अब खत्म हो जाएगा।
- **गहने और चमड़े का सामान :** भारत से यूके जाने वाली ज्वेलरी और चमड़े के सामान जैसे बैग, जूतों पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा।
- **इंजीनियरिंग सामान और ऑटो पार्ट्स :** यूके ने भारतीय मशीनरी, इंजीनियरिंग टूल्स और ऑटो पार्ट्स जैसे कार के पुर्जे पर लगने वाला इम्पोर्ट टैक्स खत्म कर दिया है।
- **दवाइयां और मेडिकल डिवाइस :** भारतीय फार्मा कंपनियों को यूके में जेनेरिक दवाइयों के लिए आसान रजिस्ट्रेशन प्रोसेस मिलेगी।
- **खाने-पीने का सामान, चाय, मसाले और समुद्री प्रोडक्ट्स :** बासमती चावल, झींगा जैसे समुद्री प्रोडक्ट, प्रीमियम चाय और मसालों पर यूके का इम्पोर्ट टैक्स खत्म हो जाएगा। इससे असम, गुजरात, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे इलाकों की एक्सपोर्ट इंडस्ट्री को बड़ा बूस्ट मिलेगा।

### ट्रंप की फिर धमकी भारत पर 100% टैरिफ लगा सकता है अमेरिका

**रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर निशाना**

**पांच देशों के खिलाफ अमेरिकी सीनेट में बिल पेश**

नई दिल्ली। अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी सीनेट में रूस पर प्रतिबंधों से जुड़ा एक संशोधित बिल पेश किया गया है। इसमें रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। बिल के मुताबिक भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान पर 100% टैरिफ लगाया जा सकता है। यह बिल रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियों के समर्थन से लाया जा रहा है। इसका मकसद रूस की तेल से होने वाली कमाई को कम करना है, ताकि उसकी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर हो सके। इसके तहत रूस के अधिकारियों, शैडो टैंकर बेड़े, केंद्रीय बैंक और सरकारी ऊर्जा परियोजनाओं पर भी प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। पहले बिल के मसौदे में 500% टैरिफ था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 100% कर दिया गया।

## रोहतक की गुनगुन सीएस एंट्रेंस में देश में रहीं अव्वल

### दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं दिल्ली-महाराष्ट्र की लड़कियां

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान ने कंपनी सेक्रेटरी एग्जीक्यूटिव एंट्रेंस टेस्ट के जून 2026 सत्र का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया। हरियाणा के रोहतक परीक्षा केंद्र से परीक्षा देने वाली सुश्री गुनगुन ने देशभर में ऑल इंडिया प्रथम रैंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि को लेकर संस्थान ने उन्हें बधाई दी है। यही नहीं प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर लड़कियों के ही बाजी मारी है। द्वितीय स्थान पर दिल्ली की सृष्टि रहीं जबकि महाराष्ट्र के कोल्हापुर की छवि कमल मित्तल ने ऑल इंडिया रैंक में तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऑल इंडिया एग्जाम में 67.59 प्रतिशत अभ्यर्थी सफल रहे हैं। परिणाम संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध



करा दिए गए हैं और परीक्षार्थी अपने विषयवार अंकों सहित ई-रिजल्ट-कम-मार्क्स स्टेटमेंट भी डाउनलोड कर सकते हैं। आईसीएसआई ने बताया कि जून 2026 सत्र की सीएसईईटी परीक्षा 1 से 4 जून 2026 के बीच आयोजित की गई थी। परीक्षा परिणाम 15 जुलाई को नई दिल्ली में जारी किए गए। परिणाम के साथ प्रत्येक अभ्यर्थी के विषयवार अंक भी ऑनलाइन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे उम्मीदवार अपने प्रदर्शन का विस्तृत मूल्यांकन कर सकेंगे। आईसीएसआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि परिणाम केवल ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट पर अपने एप्लीकेशन नंबर और जन्मतिथि के माध्यम से लॉगिन कर ई-रिजल्ट-कम-मार्क्स स्टेटमेंट डाउनलोड कर सकते हैं।

### प्रदेश में 19 से सक्रिय होगा मानसून

**महेंद्रगढ़ में पारा 40 .5 डिग्री, 3-4 दिन गर्मी से राहत नहीं**

हरियाणा (हरिभूमि टीम)। प्रदेश में मानूसन की रफ्तार धीमी पड़ते ही सूरज ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। हरियाणा के 15 जिलों हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, भिवानी, चरखीदादरी, झज्जर, रेवाड़ी, नारनौल, जींद, सोनीपत, रोहतक, पलवल, नूंह, फरीदाबाद, सोनीपत और गुरुग्राम में गर्मी और उमस का अलर्ट जारी किया गया है। आने वाले तीन चार दिनों तक राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार 14 जुलाई से 17 जुलाई तक राज्य में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, लेकिन मुख्य रूप से मौसम गर्म और उमस भरा रहेगा। 18 जुलाई से मौसम में बदलाव दिखेगा और कुछ स्थानों पर बारिश की गतिविधियों में तेजी आएगी। 19 और 20 जुलाई को हरियाणा के कई इलाकों में मानसून फिर से सक्रिय होगा, जिससे कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

## अमेरिका ने 7 घंटे ईरान पर बम बरसाए

**सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया**

**ईरान का बहरीन, कुवैत, जॉर्डन में यूएस बेस पर हमला**

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)। अमेरिका ने मंगलवार रात लगातार चौथे दिन ईरान पर हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, करीब सात घंटे तक चले ऑपरेशन में होर्मुज स्ट्रेट के आसपास ईरान के मिसाइल और ड्रोन ठिकानों, नौसैनिक संसाधनों और कोस्टल डिफेंस सिस्टम को निशाना बनाया गया।



उधर, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि उसने जवाबी अभियान शुरू करते हुए बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। आईआरजीसी ने बहरीन के अमेरिकी फिफ्थ फ्लीट बेस और जॉर्डन के अजराक एयरबेस को निशाना बनाने का भी दावा किया।

### होर्मुज में जहाजों की आवाजाही पर रोक

ईरानी सरकारी टीवी के अनुसार, होर्मुज स्ट्रेट अभी भी बंद है। पिछले 24 घंटे में ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स नौसेना ने चेतावनी के तौर पर फायरिंग करने के बाद कम से कम दो जहाजों को रोक दिया। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका की ओर से ईरानी बंदरगाहों की नौसैनिक नाकाबंदी फिर से लागू किए जाने के बाद कड़ी चेतावनी दी है। मिडिल ईस्ट से तेल और गैस का निर्यात या तो सभी देशों के लिए होगा या फिर किसी के लिए नहीं।

## नोएडा : ईवी चार्जिंग से आग लगने पर 2 लोग जिंदा जले

**सीढ़ियों के सहारे 50 परिवारों को बचाया**

नोएडा (एजेंसी)। चार मंजिला बिल्डिंग में बुधवार सुबह 11 बजे आग लग गई। हादसे में 2 लोग जिंदा जल गए। एक बच्चा और एक युवती गंभीर रूप से झुलस गए। फायर ब्रिगेड ने सीढ़ियों के सहारे 50 परिवारों का रेस्क्यू किया। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि बिल्डिंग के बेसमेंट में इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्ज हो रही थी। इसी दौरान उसमें धमाका हुआ और आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई। 30 से 40 बाइकें जलकर राख हो गईं। धुआं उठता देखकर बिल्डिंग के आसपास रहने वाले सैकड़ों लोग सड़क पर आ गए।

## सीबीएसई के डिजिटल मार्किंग सिस्टम से छात्र निराश : सुको

**सुप्रीम कोर्ट ने बोर्ड से पूछा, सुधार के लिए क्या किया**

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सीबीएसई के ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम को लेकर छात्रों की नाराजगी पर चिंता जताई। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, "देखिए, छोटे-छोटे बच्चों में कितनी निराशा है। कोर्ट ने कहा कि सरकार से किसी टकराव की मंशा नहीं है, लेकिन व्यवस्था में कुछ समस्याएं हैं। कोर्ट ने सीबीएसई की ओर से उठाए जा रहे कदमों की जानकारी मांगी है। साथ ही केंद्र से सहयोग करने की बात कही है। सीबीएसई का ओएसएम यानी ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम ऐसी व्यवस्था है, जिसमें ऑन्सर शीट की स्कैन कॉपी कंप्यूटर पर जांची जाती है।

## हाइवे पर चलना हुआ महंगा, मासिक पास के भी रेट बढ़े

**रोहतक, करनाल हिसार व पानीपत टोल की सूची जारी**

# 3 माह में दूसरी बार बढ़े टोल के दाम 10 से 30 रुपये तक की हुई बढ़ोतरी

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। हरियाणा में टोल दरों में बढ़ोतरी की गई है। करनाल, कुरुक्षेत्र, हिसार, पानीपत और झज्जर टोल प्लाजा पर नए रेट लिस्ट जारी कर दी गई है। कार, जीप और अन्य व्यवसायिक वाहनों के टोल रेट में 10 से 30 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के निर्देशानुसार मंगलवार रात से ही टोल प्लाजा पर बढ़ी हुई दरों के हिसाब से नए रेट लिए जा रहे हैं। अब कार और जीप ड्राइवरों को एक तरफा यात्रा के 200 रुपये और दोतरफा यात्रा के 295 रुपये देने होंगे। 7 एक्सएल वाहनों का मंथली पास अब 42 हजार 575 रुपये में मिलेगा। पहले ये 41 हजार 315 रुपये में था। वहीं, टोल प्लाजा के आसपास के 20 किलोमीटर के गांवों के वाहन मालिकों के लिए रियायती मासिक पास जारी रहेगा।

### करनाल टोल प्लाजा में 3 माह में कार के 15 रुपये बढ़े

हरियाणा में जीटी रोड के सबसे महंगे घरौंडा (बसताड़ा) टोल प्लाजा पर कार का एक साइड का रेट तीन महीने में 15 रुपये तक बढ़ चुका है। मार्च में इस टोल पर कार का एक साइड का टोल 185 रुपये हुए था। फिर मई में 190 रुपये हो गया। अब जुलाई में यह 200 रुपये हो गया है। बसताड़ा टोल पर एलवीसी (मिनी बस टाइप) का एकतरफा यात्रा का रेट 320 रुपये और दोतरफा यात्रा का टोल 480 रुपये हो गया। इसके साथ ही ट्रक और बस के नए रेट 670 रुपये और डबल जर्नी के 1005 रुपये हो गए।



### मासिक पास जारी रहेंगे

झज्जर जिले के रोहद (मिल्क माजरा) टोल प्लाजा पर पर भी वाहन चालकों को पहले की तुलना में अधिक टोल शुल्क देना होगा। टोल अधिकारियों का कहना है कि लोकल वाहन मालिकों (टोल के 20 किलोमीटर के दायरे में) के लिए 360 रुपये का मासिक पास जारी रहेगा।



# स्टीम से हाइड्रोजन तक भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन जींद से चलेगी

भारतीय रेलवे का इतिहास केवल पटरियों के विस्तार की कहानी नहीं, बल्कि तकनीकी प्रगति व नवाचार की निरंतर यात्रा का दस्तावेज है। भाप से शुरू हुआ यह सफर डीजल और बिजली के पड़ावों से गुजरता हुआ अब हरित ऊर्जा के नए युग में प्रवेश कर रहा है। 17 जुलाई 2026 को हरियाणा का जींद इतिहास रचेगा, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। जींद–सोनीपत रेलखंड से शुरू होने वाली यह सेवा तकनीकी नवाचार, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को एक साथ जोड़ेगी। जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा आज वैश्विक चुनौतियां हैं, जिनके चलते परिवहन क्षेत्र को स्वच्छ और ऊर्जा-कुशल बनाना अनिवार्य हो गया है। इस बदलाव की शुरुआत हरियाणा से होना विशेष महत्व रखता है। जींद–सोनीपत खंड का चुनाव राज्य के मजबूत बुनियादी ढांचे और परियोजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की क्षमता का परिचायक है। औद्योगिक विकास, राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार और नागरिक उड्डयन में हुए निवेश ने हरियाणा को राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं का स्वाभाविक केंद्र बना दिया है।

### विकास के नए आयाम गढ़ता हरियाणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और डबल इंजन सरकार के समन्वित प्रयासों से हरियाणा में आधारभूत ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और परिवहन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। 17 जुलाई को प्रधानमंत्री के कर-कमलों से 14700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास होगा, जिनमें जींद–सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन, कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक, भिवानी व नारनौल के चिकित्सा महाविद्यालय, दिल्ली–अम्बाला–कटरा हाईवे तथा अम्बाला–काला अम्ब और जींद–गोहाना नेशनल हाईवे शामिल हैं। साथ ही सिख संग्रहालय कुरुक्षेत्र और हांसी–बरवाला हाईवे का शिलान्यास भी प्रदेश के सांस्कृतिक और आधारभूत विकास को नई दिशा देगा। ये परियोजनाएं हरियाणा के आर्थिक विकास, स्वास्थ्य सेवाओं, यातायात, निवेश और रोजगार का सशक्त आधार बनेंगी और 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करेंगी।

### हाइड्रोजन ट्रेन-रेल तकनीक का भविष्य

हाइड्रोजन तकनीक फ्यूल सेल प्रणाली पर आधारित है, जिसमें संग्रहित हाइड्रोजन और वायुमंडलीय ऑक्सीजन की रासायनिक क्रिया से विद्युत ऊर्जा बनती है और केवल पानी व ऊष्मा उपोत्पाद के रूप में निकलती है। कोई प्रदूषणकारी गैस नहीं। यह उन रेलमार्गों के लिए विशेष रूप से कारगर है जहां पूर्ण विद्युतीकरण व्यावहारिक नहीं है, और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाने में मदद करती है। भारतीय रेलवे ने परिचालन, सुरक्षा और ऊर्जा प्रबंधन में भी व्यापक बदलाव किए हैं। तेज विद्युतीकरण, स्वदेशी सुरक्षा प्रणालियां और नवीकरणीय ऊर्जा के बढ़ते उपयोग ने रेलवे को अधिक आधुनिक और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाया है। हाइड्रोजन ट्रेन इसी दिशा की अगली कड़ी है, जो ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने और आयातित ईंधन पर निर्भरता घटाने में सहायक होगी। जर्मनी ने वाणिज्यिक हाइड्रोजन यात्री

## विकसित हरियाणा विकसित भारत





ट्रेन सेवा शुरू करके इस तकनीक को वैश्विक मान्यता दिलाई व इसके बाद चीन सहित कई देशों ने भी इसके विकास व परीक्षण को गति दी है। भारत का यह कदम दर्शाता है कि देश केवल वैश्विक बदलावों का अनुसरण नहीं कर रहा, बल्कि भविष्य की परिवहन प्रणालियों के विकास में सक्रिय भागीदारी की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जींद–सोनीपत सेवा भारतीय इंजीनियरिंग क्षमता और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनेगी। राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप रेल परिवहन में हाइड्रोजन तकनीक का समावेश ऊर्जा संक्रमण को तेज करेगा और भविष्य में उन रेल मार्गों के लिए भी नए विकल्प देगा जहां पारंपरिक विद्युतीकरण संभव नहीं है। हरियाणा का इस ऐतिहासिक पहल का पहला पड़ाव बनना राज्य के विकसित बुनियादी ढांचे और प्रभावी क्रियान्वयन क्षमता का प्रमाण है। 17 जुलाई को जब यह ट्रेन अपनी पहली यात्रा पर रवाना होगी, तो यह केवल यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने का साधन नहीं, बल्कि भारतीय रेलवे की उस नई सोच का प्रतीक होगी जिसमें तकनीकी नवाचार और पर्यावरणीय संवेदनशीलता साथ-साथ आगे बढ़ते हैं। यह यात्रा आने वाले वर्षों में रेलवे के विकास को नई दिशा देगी और हरित, आधुनिक तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई गति देने वाले एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में याद रखी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच ने हरियाणा को देश की सबसे बड़ी हरित तकनीकी पहल का प्रथम साक्षी बनाया है, और यह मेरे लिए हर्ष का विषय है। मैं मानता हूं कि यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व का ही परिणाम है कि आज हरियाणा विकास, नवाचार और आत्मनिर्भरता के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। हाइड्रोजन ट्रेन जैसी परियोजनाएं यह सिद्ध करती हैं कि प्रधानमंत्री सदैव देश को भविष्य की चुनौतियों के लिए पहले से तैयार करने में विश्वास रखते हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं हरियाणा की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं यह भी विश्वास दिलाता हूं कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करती रहेगी।

*-नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री हरियाणा*




# उद्घाटन से पहले दुल्हन सी सज रही देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के 17 जुलाई को प्रस्तावित उद्घाटन से पहले तैयारियां तेज हो गई हैं। ट्रायल और मेंटेनेंस के बाद ट्रेन शकूरबस्ती (दिल्ली) से जींद पहुंच चुकी है। अगले दो दिन तक इसकी वाशिंग और आकर्षक सजावट की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन को देखते हुए रेलवे और प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। ट्रेन को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। ट्रेन में 1,200 किलोवाट क्षमता का आधुनिक हाइड्रोजन फ्यूल सेल सिस्टम लगाया गया है। इसमें एक बार में 2,638 यात्री सफर कर सकेंगे। ट्रेन की अधिकतम गति 110 से 140 किलोमीटर प्रति घंटा होगी, जिससे जींद और सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर की दूरी लगभग दो घंटे में पूरी होगी।

## शकूरबस्ती से जींद पहुंची ट्रेन, 17 को प्रधानमंत्री दिखाएंगे झंडी



### जींद-सोनीपत के बीच सप्ताह में छह दिन चलेगी

ट्रेन संख्या 74010 सुबह 7:40 बजे जींद से रवाना होकर 9:40 बजे सोनीपत पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 74009 सुबह 10:40 बजे सोनीपत से चलकर दोपहर 1 बजे जींद पहुंचेगी। मार्ग में जींद सिटी, पांडू पिंडारा, ललित खेड़ा, भम्भेवा, ईशापुर खेड़ी, बुटाना, खांडराई, गोहाना, रभड़ा, लाठ, मोहाना हरियाणा और बड़वासनी सहित कुल 14 स्टेशनों पर ठहराव होगा। ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी, जबकि रविवार को इसका रखरखाव किया जाएगा।

### ट्रेन चालकों को चेन्नई व गुजरात में दिया विशेष प्रशिक्षण

शकूरबस्ती से पहुंची अधिकारियों की टीम की देखरेख में ट्रेन की सजावट की जा रही है। इसके संचालन के लिए छह लोको पायलट, सहायक लोको पायलट और दो गार्डों को चेन्नई व गुजरात में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। नॉन-एसी ट्रेन में आरामदायक सीटें, पंखे, हैंड ग्रिप और यात्रियों के मोबाइल चार्ज करने के लिए जगह-जगह चार्जिंग सॉकेट लगाए गए हैं। वहीं प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जींद शहर में सौंदर्यकरण का कार्य भी तेज कर दिया गया है। प्रस्तावित रूट पर पेंटिंग, हरियाली विकसित करने, बिजली की तारें बदलने सहित अन्य काम तेजी से चले रहे है।

## सूर्य कवि बाजे भगत को पुष्पांजलि



चंडीगढ़। सूर्य कवि बाजे भगत की जयंती पर संत कबीर कुटीर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट-2 कर्मचारियों को राहत

चंडीगढ़। सरकार ने आउटसोर्सिंग पॉलिसी भाग-2 के अंतर्गत कार्यरत अनुबंध कर्मचारियों की सेवा अवधि दो माह के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह सेवा विस्तार 1 जुलाई से 31 अगस्त तक प्रभावी रहेगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यह सेवा विस्तार राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों एवं सार्वजनिक उपक्रमों में स्वीकृत पदों के विरुद्ध आउटसोर्सिंग पॉलिसी भाग-2 के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों पर लागू होगा।

## प्रदेश की पांच आईटीआई श्रेष्ठ प्रदर्शन पर सम्मानित

चंडीगढ़। हरियाणा युवा एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने बुधवार को पंचकूला स्थित हरियाणा कौशल रोजगार निगम के सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा की 5 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को राष्ट्रीय स्तर की ग्रेडिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया। उन्होंने ने शिक्षकों के योगदान की भी सराहना की।

**सार्वजनिक सूचना**

**निर्वाणा काउंटी**
**प्रोजेक्ट के लिए RERA अकाउंट्स की जानकारी**

सभी हितधारकों एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि "एसवीएसजे बिल्डर्स एलएलपी द्वारा "निर्वाणा काउंटी परियोजना हेतु "हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (एचआरईआरए)" की शर्तों के अनुपालन नें निम्नलिखित खाते स्थापित किए गए हैं:

परियोजना का नामः निर्वाणा काउंटी
RERA पंजीकरण संख्याः एचआरईआरए–पीकेएल–जेएनडी–908–2026
दिनांकः 22.05.2026

1. एसवीएसजे बिल्डर्स एलएलपी निर्वाणा काउंटी
   RERA कलेक्शन खाता (100%)
   खाता संख्याः 2502211571795411
   बैंक का नामः एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक
   आईएफएससी कोडः एयूबीएल0002115
2. एसवीएसजे बिल्डर्स एलएलपी निर्वाणा काउंटी
   RERA खाता (70%)
   खाता संख्याः 2502211570742346
   बैंक का नामः एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक
   आईएफएससी कोडः एयूबीएल0002115
3. एसवीएसजे बिल्डर्स एलएलपी
   लेनदेन खाता (30%)
   खाता संख्याः 3333339811314111
   बैंक का नामः एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक
   आईएफएससी कोडः एयूबीएल0002115

"निर्वाणा काउंटी" से संबंधित सभी लेनदेन उपर्युक्त खातों में ही किए जाने चाहिए।
परियोजना का पताः ग्राम जलालपुर खुर्द, सेक्टर–22, जींद, हरियाणा।

एसवीएसजे बिल्डर्स एलएलपी
जीएफ–24ए, ऑगस्टा पॉइंट, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर – 53, गुरुग्राम, हरियाणा
ईमेलः info@svsjgroup.com | मोबाइलः 9871857626

## महज संदेह के आधार पर किसी कर्मचारी पर प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की जा सकती

- हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के दोषी को संदेह का लाभ देकर बरी किया
- जांच अधिकारियों के खिलाफ ट्रायल कोर्ट की प्रतिकूल टिप्पणियां भी हटाई

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक अधिकारियों पर ऐसे प्रतिकूल निष्कर्ष, जिनसे उनके सेवा जीवन या पेशेवर प्रतिष्ठा पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता हो, केवल अनुमान या संदेह के आधार पर दर्ज नहीं किए जा सकते। अदालत ने कहा कि ऐसा तभी संभव है, जब रिकार्ड पर उपलब्ध सामग्री से उनके जानबूझकर किए गए कदाचार या कर्तव्य में जानबूझकर चूक का स्पष्ट प्रमाण हो। जस्टिस नीरजा कलसन ने 2016 के दुष्कर्म मामले में दोषी ठहराए गए आरोपित की अपील स्वीकार करते हुए उसे संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया। जांच से जुड़े पुलिस अधिकारियों की तीन याचिकाएं भी मंजूर करते हुए ट्रायल कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ की गई प्रतिकूल टिप्पणियों और उनसे जुड़े निर्देशों को निरस्त कर दिया। हाई कोर्ट ने कहा कि आपराधिक अदालतों को यह ध्यान रखना चाहिए कि जहां प्रत्येक पीड़ित सहानुभूति का हकदार है, वहीं प्रत्येक आरोपित भी संवैधानिक सुरक्षा का समान रूप से अधिकारी है। अदालत ने अपने आदेश में कहा, दोषसिद्धि ऐसी सामग्री पर आधारित नहीं हो सकती, जिसमें गंभीर असंगतियां हों। मामले की शुरुआत 23-24 सितंबर 2016 की रात दर्ज एफआईआर से हुई थी, जिसमें महिला ने अपहरण और दुष्कर्म के आरोप लगाए थे। रोहतक की अतिरिक्त सत्र अदालत ने सितंबर 2018 में आरोपित को भारतीय दंड संहिता की धारा 366 और 376 के तहत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी।

## ई-वाहन खरीद पर सब्सिडी अब सीधे लाभार्थी के खाते में देने की तैयारी

- राव नरबीर सिंह ने दिए नीति में बदलाव के निर्देश

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रदूषण कम करने के लिए ई-वाहन नीति में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इलेक्ट्रिक दोपहिया, तिपहिया, कारों तथा टाटा मैजिक जैसे ई-वाहनों पर मिलने वाली सरकारी सब्सिडी सीधे लाभार्थी को देने की व्यवस्था की जाए, ताकि खरीदारों को वाहन खरीदते समय ही सब्सिडी का लाभ मिल सके।बुधवार को हरियाणा ई-वाहन नीति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत-2047 के विजन के तहत प्रदूषण मुक्त भारत बनाने के लिए गंभीरता से कार्य कर रहे हैं।

## यादव सोनीपत के प्रभारी अधिकारी नियुक्त

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पंकज यादव को सोनीपत जिले का प्रभारी अधिकारी (ऑफिसर-इन-चार्ज) नियुक्त किया है। उन्हें उनके वर्तमान दायित्वों के साथ यह अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है।मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। पंकज यादव वर्तमान में सहकारिता विभाग तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग प्रधान सचिव, हरियाणा भवन, नई दिल्ली के प्रिंसिपल रेजिडेंट कमिश्नर और हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। अब वे अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ सोनीपत जिले से संबंधित कार्यों की भी निगरानी करेंगे।

**गुमशुदा की तलाश**



नाम- आशिष
पिता- धर्मचंद
हुलिया- रंग गोरा, कद 5 फुट 11 इंच,
हस्ट-पुष्ट शरीर,
पता - गांव डोहकी जिला चरखी दादरी
किसी को पता चले तो इसकी जानकारी मोबाइल नं.
7419301105,9812430321,9910468301
पर सूचना दे।
पीआरडीएच-1084/11/5031/2027/47191/88/6 दि. 15.07.2026

**गुमशुदा की तलाश**

कृपया ध्यान दें! यह व्यक्ति लापता है



व्यक्ति का विवरण
नाम : वेदप्रकाश
पिता का नाम : रतीराम
रंग : गोरा
हाइट : 6 फुट
गाँव : हिंडोल
जिला : चरखी दादरी हरियाणा

यदि आपको यह व्यक्ति कहीं भी दिखाई दे या इनके बारे में कोई जानकारी हो, तो कृपया तुरंत संपर्क करें। आपकी एक सूचना किसी के घर की खुशियां वापस ला सकती है।

संपर्क करें:
7419301107
9996399819
पीआरडीएच-1084/11/5030/2027/47190/88/6 दि. 15.07.2026

**भारतीय थल सेना**
**JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER**
www.joinindianarmy.nic.in

**अधिकारी प्रविष्टियाँ**

1. निम्नलिखित कोर्सों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-
(क) **125वाँ** अल्पकालिक सेवा कमीशन जे.ए.जी. कोर्स अप्रैल 2027, कानून में स्नातक पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों के लिए।
(ख) **125वाँ** अल्पसेवा कमीशन एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स (पुरुष) (युद्ध में हताहत सेना कर्मियों के आश्रित सहित) अप्रैल 2027 के लिए।
(ग) **125वाँ** अल्पसेवा कमीशन एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स (महिला) (युद्ध में हताहत सेना कर्मियों के आश्रित सहित) अप्रैल 2027 के लिए।

2. ऑनलाइन आवेदन निम्नलिखित अवधि तक खुले रहेंगे :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | जे.ए.जी. कोर्स | - | पुरुष एवं महिला | - | 17 जुलाई से 17 अगस्त 2026 |
| (ख) | एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स | - | पुरुष | - | 20 जुलाई से 20 अगस्त 2026 |
| (ग) | एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स | - | महिला | - | 21 जुलाई से 21 अगस्त 2026 |

**OFFICER ENTRIES**

1. Applications are invited for the following courses:-
(a) **125th** Short Service Commission JAG Entry Scheme Course (Men & Women) Apr 2027 course for Law Graduates.
(b) **125th** Short Service Commission NCC Special Entry Scheme Course Apr 2027 for Men (including Wards of Battle Casualties of Army personnel).
(c) **125th** Short Service Commission NCC Special Entry Scheme Course Apr 2027 for Women (including Wards of Battle Casualties of Army personnel).

2. Online applications will open as under:-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | JAG Course | - | Men & Women | - | 17 July to 17 Aug 2026 |
| (b) | NCC (Special) Course | - | Men | - | 20 July to 20 Aug 2026 |
| (c) | NCC (Special) Course | - | Women | - | 21 July to 21 Aug 2026 |

नोट :–
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिये, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

Note :
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.

CBC 10601/11/0011/2627

## खबर संक्षेप

### पलवल में पुलिस टीम पर हमला, गाड़ी तोड़ी

**पलवल।** भिडूकी गांव में झगड़े की सूचना पर पहुंची पीसीआर टीम पर हमला कर उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीसीआर इंचार्ज एएसआई रतन सिंह ने शिकायत में बताया कि वह भिडूकी गांव निवासी सोनिया की शिकायत पर गांव गए थे। वहां सोनिया के भाई को मारपीट न करने को लेकर समझा रहे थे तो उसने गुस्से में हमला बोल दिया। पुलिस की गाड़ी का शीशा तोड़कर वह फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### एसआईआर से गैरहाजिर ग्राम सचिव निलम्बित

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य की ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले ग्राम सचिव को निलंबित किया गया है। इस ग्राम सचिव की ड्यूटी शाहाबाद विधानसभा में अतिरिक्त स्टाफ के तौर पर लगाई थी। निलंबन अवधि के दौरान खंड शाहाबाद के ग्राम सचिव का मुख्यालय खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी थानेसर के कार्यालय में निश्चित किया जाता है।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुआ समझौता


# 61 दिन के आंदोलन के बाद चानौत की मांग पूरी, मिलेगा टी कनेक्शन

- हांसी जाने वाली पाइपलाइन में चार इंची टी कनेक्शन चानौत के लिए जोड़ेंगे
- जरूरत पड़ने पर इस कनेक्शन से दिया जाएगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

चानौत गांव में पिछले 61 दिनों से पानी की मांग को लेकर चल रहा ग्रामीणों का आंदोलन आखिरकार बुधवार को सिरे चढ़ा। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री तथा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मध्यस्थता और महत्वपूर्ण घोषणा के बाद धरना कमेटी ने सर्वसम्मति से आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया गया। बुधवार को पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ग्रामीणों, धरना समिति के प्रतिनिधियों और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तकनीकी अधिकारियों ने हिस्सा लिया। जनप्रतिनिधियों ने सभी पक्षों की बात को विस्तार से सुना और मौके पर ही समस्या का व्यावहारिक समाधान निकाला।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि सरकार ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी विशेषज्ञों से रिपोर्ट मांगी थी। जांच में पाया गया कि मुख्य पाइपलाइन की क्षमता पर्याप्त है और चानौत गांव को पानी देने से किसी अन्य क्षेत्र की व्यवस्था पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ेगा। इसके बाद मुख्य लाइन से 4 इंच का नया 'टी-कनेक्शन' लगाने की विभागीय स्वीकृति दे दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया कि गांव की वर्तमान पेयजल व्यवस्था पहले की तरह ही सुचारु रूप से चलती रहेगी। यह नई 4 इंच की लाइन एक अतिरिक्त और वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में काम करेगी। भविष्य में आबादी बढ़ने या मौजूदा व्यवस्था में कोई तकनीकी दिक्कत आने पर इस नई लाइन से अतिरिक्त पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।



हांसी। धरना कमेटी के साथ हुई बैठक की जानकारी देते मंत्री मनोहर लाल।

### धरना होगा समाप्त

धरना समिति के सदस्य अनूप और पूर्व सरपंच सत्यवान ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे ग्रामीणों के लंबे और शांतिपूर्ण संघर्ष की जीत बताया। उन्होंने वार्ता में शामिल केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला और हांसी विधायक विनोद भयाना का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि गांव में शीघ्र ही एक आम बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी ग्रामीणों की सहमति से धरने को औपचारिक रूप से समाप्त करने का निर्णय लिया जाएगा।

## आयकर विभाग का चपरासी 10 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**करनाल।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने आयकर विभाग के एक चपरासी को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नवीन के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आरोपी ने एक व्यक्ति से उसका काम करवाने के नाम पर 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने पांच हजार रुपये पहले ही दे दिए थे, जबकि शेष 10 हजार रुपये देने थे। इस बीच उसने पूरी घटना की जानकारी एसीबी को दी। शिकायत की पुष्टि होने के बाद एसीबी टीम ने ट्रैप की योजना बनाई। शिकायतकर्ता को रासायनिक पाउडर लगे नोट देकर आरोपी के पास भेजा गया। जैसे ही आरोपी नवीन ने पैसे अपने हाथ में लिए, पहले से घात लगाए बैठी टीम ने उसे मौके पर ही रंगे हाथ पकड़ लिया। एसीबी ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। यह जांच की जा रही है कि रिश्वत की राशि किस काम के लिए मांगी गई थी और इस मामले में किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका तो नहीं है।



## सड़क में बस का पहिया धंसने से हादसा

# पेड़ से टकराई निजी बस, पूर्व सैनिक की मौत, 11 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/कोसली

बुधवार को रेवाड़ी से कोसली जा रही यात्रियों से भरी निजी बस कोसली-टूमना रोड पर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक पूर्व सैनिक की मौत हो गई, जबकि 30 में से 11 यात्री घायल हो गए। घायलों को तुरंत कोसली के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। बस का एक पहिया सड़क पर नए लेंटर में धंस गया। इस वजह से बस अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। कोसली पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का केस दर्ज कर लिया है।

कोसली से जाहिदपुर-भूरथला मार्ग पर पिछले दिनों पानी की पाइपलाइन दबाई गई थी। इसके ऊपर सड़क पर लेंटर डाला गया था। बुधवार सुबह जब यात्रियों से भरी बस वहां से गुजरी तो बस का पहिया लेंटर में धंस गया और नीचे से पानी निकलने लगा। इससे ड्राइवर बस पर नियंत्रण खो बैठा और बस अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। सूत्रों के अनुसार बस अपने निर्धारित रूट को छोड़कर दूसरे मार्ग से रेवाड़ी से कोसली जा रही थी, जबकि बस का निर्धारित रूट रेवाड़ी-कोसली वाया नया गांव और लूला अहीर था, लेकिन बुधवार को बस इस रूट की बजाय भूरथला होते हुए कोसली जा रही थी।

हादसे में जान गंवाने वाले गांव बालधन निवासी पूर्व सैनिक 87 वर्षीय बुजुर्ग दीपचंद सेना से सेवानिवृत्त थे। उनका पूरा परिवार बाहर रहता है। वह गांव में अकेले रहते थे। दीपचंद रोजाना फौजी कैंटीन जाते थे। हादसे में रेवाड़ी निवासी शिवम, रामपुरी निवासी प्रहलाद, बालधन खुर्द निवासी दीपक, राजस्थान निवासी अनुष्का, सुरहेली निवासी बस्तीराम, बेरली खुर्द निवासी अधिवक्ता सावंत, नयागांव निवासी धर्मपाल और बीरमती, टूमना निवासी कोमल, मनीषा तथा राजाराम घायल हो गए।



रेवाड़ी। पेड़ से टकराई निजी बस।

## हरियाणा बोर्ड की परीक्षा में नकल के दो केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई गई सेकेंडरी सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में प्रदेशभर में 22 परीक्षा केन्द्रों पर 439 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए तथा अनुचित साधन प्रयोग के 2 मामले दर्ज हुए, जिसमें प्रतिरूपण का 1 केस शामिल है। बोर्ड अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ ने बताया कि विशेष उड़नदस्ते द्वारा जिला पानीपत व सोनीपत के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया, जहां पर अनुचित साधन प्रयोग के 2 केस दर्ज किए गए, जिसमें 1 प्रतिरूपण का केस भी शामिल है। बोर्ड सचिव मुनीश शर्मा ने बताया कि 16 जुलाई को संचालित होने वाली सेकेंडरी की विज्ञान विषय की परीक्षा में प्रदेशभर में 18 परीक्षा केन्द्रों पर 58 परीक्षार्थी प्रविष्ट होंगे।

### दूसरे की परीक्षा देते काबू

**फतेहाबाद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने परीक्षा केंद्र से एक युवक को काबू किया है, जो दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर फर्जी परीक्षार्थी बनकर पेपर दे रहा था। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव दहमन निवासी सलीम के रूप में हुई है। बुधवार को थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फतेहाबाद में पीजीटी अंग्रेजी के पद पर तैनात नरेंद्र कुमार ने पुलिस को एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी। 14 जुलाई को परीक्षा के दौरान स्पेशल फ्लाइंग टीम ने परीक्षा केंद्र की औचक चेकिंग की। वहां परीक्षा दे रहे छात्र सावन के प्रवेश पत्र पर लगी फोटो और परीक्षा दे रहे युवक का चेहरा आपस में बिल्कुल मेल नहीं खा रहा था।

### गुरुग्राम में किंगडम ऑफ ड्रीम्स में लगी आग



**गुरुग्राम।** मशहूर सांस्कृतिक केंद्र 'किंगडम ऑफ ड्रीम्स' में बुधवार दोपहर करीब पौने दो बजे भीषण आग लग गदर्ई। सेक्टर-29 स्थित इस बंद पड़ी इमारत से अचानक धुएं का गुबार और ऊंची लपटें उठी। दमकल की कई गाड़ियां आग बुझाने में जुटी रहीं। बता दें कि विवादों के चलते यह संस्थान काफी समय से बंद पड़ा है। इसके अंदर भारी मात्रा में कबाड़ और पुराना शो का सामान रखा हुआ था, जिसने आग को तेजी से भड़का दिया।

### दुकान का छज्जा गिरा, दो की मौत

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ में बुधवार सुबह चावला कॉलोनी हाईवे स्थित सोहना टी-पॉइंट के पास एक बंद दुकान का छज्जा अचानक गिर गया। हादसे के समय दुकान बंद थी, लेकिन छज्जे के नीचे खड़े दो युवक मलबे में दब गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, अहिरवाड़ा निवासी राहुल की यह चाया की दुकान थी, जो तीन दिनों से बंद थी। बुधवार सुबह करीब 10 बजे दो युवक दुकान के बाहर छज्जे के नीचे खड़े थे। इसी दौरान अचानक छज्जा गिर गया और दोनों युवक उसके मलबे के नीचे दब गए। मृतकों की पहचान अमरजीत और संतोष के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से बिहार के निवासी थे। शहर थाना प्रभारी उमेश कुमार ने बताया कि जांच में सामने आया है कि लगातार हुई बारिश और दुकान के जर्जर छज्जे के कारण यह हादसा हुआ।

## अग्रोहा में 100 करोड़ से बनेगी 'श्री नंद किशोर गोयनका यूनिवर्सिटी'

- डॉ. सुभाष चंद्रा व परिवार ने पिता की याद में लिया फैसला, युवाओं का होगा कौशल विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन और पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुभाष चंद्रा ने बुधवार को अपने पिता एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय नंद किशोर गोयनका को मुखाग्नि देने के बाद एक बड़ी घोषणा की।

उन्होंने अपने पिता की स्मृति और उनकी सामाजिक विरासत को अमर रखने के लिए अग्रोहा में 32 एकड़ भूमि पर करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से श्री नंद किशोर गोयनका यूनिवर्सिटी स्थापित करने का संकल्प लिया है। बता दें कि गोभक्त नंद किशोर गोयनका का निधन गत 13 जुलाई को हुआ था, जिसके बाद बुधवार को अग्रोहा स्थित गोयनका उद्यान में उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान व धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। डॉ. सुभाष चंद्रा ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को वैश्विक स्तर की व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के लिए देश के प्रतिष्ठित संस्थान आंत्रप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद के साथ एक विशेष समझौता किया गया है। यह यूनिवर्सिटी युवाओं में उद्यमिता और कौशल विकास को नए आयाम देगी।

डॉ. सुभाष चंद्रा ने बताया कि उनके पिता का जीवन हमेशा समाज कल्याण और सेवा को समर्पित रहा। पिता की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए हम चारों भाइयों ने मिलकर हमारी 32 एकड़ पारिवारिक जमीन पर यूनिवर्सिटी बनवाने का फैसला लिया है। इस संस्थान में समाज सेवा और समाज को वापस लौटाने से जुड़ा एक विशेष कोर्स भी शुरू किया जाएगा।



### ऑटो इंडस्ट्री की संस्था सियाम ने जारी किए ताजा आंकड़े

# ऑटो सेक्टर में बंपर उछाल, जून में 24 प्रतिशत बढ़ी पैसेंजर कारों की बिक्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए जून 2026 का महीना बेहद शानदार रहा है। देश में जून 2026 के दौरान पैसेंजर व्हीकल, टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर की बिक्री में जोरदार बढ़त दर्ज की गई है। ऑटो इंडस्ट्री की संस्था सियाम के ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि घरेलू बाजार में वाहनों की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। घरेलू बाजार के साथ-साथ विदेशों में भी भारतीय गाड़ियों की डिमांड तेजी से बढ़ी है, जिससे पूरी इंडस्ट्री की रफ्तार को नई ताकत मिली है।

सियाम के अनुसार, जून 2026 में कंपनियों ने डीलरों को 3,88,144 पैसेंजर व्हीकल भेजे। पिछले साल जून में यह संख्या 3,12,851 थी। यानी इस बार पैसेंजर व्हीकल की बिक्री में सालाना आधार पर 24.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इससे साफ है कि कारों की मांग में अच्छी तेजी बनी हुई है।

**घरेलू बाजार में वाहनों की मांग मजबूत बनी हुई है**

**विदेशों में भी भारतीय गाड़ियों की डिमांड तेजी से बढ़ी है**

**भारतीय कारों की मांग में अच्छी तेजी देखी गई**

#### थ्री-व्हीलर और ई-रिक्शा की रफ्तार भी तेज

कमर्शियल और पैसेंजर थ्री-व्हीलर मार्केट में भी ग्राहकों ने खूब दिलचस्पी दिखाई है। जून 2026 में थ्री-व्हीलर की बिक्री में भी अच्छी तेजी देखने को मिली। इसकी बिक्री 26.1 फीसदी बढ़कर 77,951 यूनिट रही। पिछले साल इसी महीने यह आंकड़ा 61,828 यूनिट था। इस दौरान पैसेंजर थ्री-व्हीलर की बिक्री 25 फीसदी बढ़कर 64,181 यूनिट पहुंच गई। वहीं सामान ढोने वाले थ्री-व्हीलर की बिक्री 29.4 फीसदी बढ़कर 11,828 यूनिट रही। ई-रिक्शा की बिक्री में भी 52.4 फीसदी की मजबूत बढ़त दर्ज की गई और इसकी बिक्री 1,590 यूनिट तक पहुंच गई।



#### विदेशों में भी बढ़ी भारतीय गाड़ियों की डिमांड

घरेलू बाजार के साथ-साथ भारत से वाहनों का एक्सपोर्ट भी तेजी से बढ़ा है। जून 2026 में कुल वाहन एक्सपोर्ट 34 फीसदी बढ़कर 6,73,105 यूनिट रहा। टू-व्हीलर एक्सपोर्ट 40.2 फीसदी बढ़कर 5,43,684 यूनिट पहुंच गया। थ्री-व्हीलर एक्सपोर्ट में 39.7 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई और यह 51,950 यूनिट रहा। वहीं पैसेंजर व्हीकल एक्सपोर्ट लगभग स्थिर रहा और इसकी संख्या 76,601 यूनिट दर्ज की गई।

#### एसयूवी की मांग सबसे ज्यादा

पैसेंजर व्हीकल में सबसे ज्यादा मांग यूटिलिटी व्हीकल यानी एसयूवी की रही। जून में एसयूवी की बिक्री 19.9 फीसदी बढ़कर 2,17,228 यूनिट पहुंच गई। वहीं पैसेंजर कार की बिक्री 15.7 फीसदी बढ़कर 98,610 यूनिट रही। वैन की बिक्री भी 9.5 फीसदी बढ़कर 10,230 यूनिट तक पहुंच गई।

#### टू-व्हीलर की बिक्री में भी अच्छी तेजी

*त्योहारी सीजन से पहले टू-व्हीलर बाजार में भी तगड़ी रौनक लौट आई है। जून 2026 में टू-व्हीलर की बिक्री भी मजबूत रही। इस दौरान कंपनियों ने 18,51,400 टू व्हीलर डीलरों को भेजे, जबकि पिछले साल जून में यह संख्या 15,61,283 थी। यानी टू-व्हीलर की बिक्री में 18.6 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। टू-व्हीलर में सबसे ज्यादा तेजी स्कूटर की बिक्री में देखने को मिली। जून में स्कूटर की बिक्री 39.1 फीसदी बढ़कर 7,44,823 यूनिट पहुंच गई। वहीं मोटरसाइकिल की बिक्री 6.4 फीसदी बढ़कर 10,56,422 यूनिट रही। मोपेड की बिक्री में भी 50.4 फीसदी की शानदार बढ़त दर्ज हुई और यह 50,155 यूनिट तक पहुंच गई।*

## अब एआई की तरफ बढ़ रहे विप्रो के ग्राहक : प्रेमजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो के कार्यकारी चेयरमैन रिशद प्रेमजी ने बुधवार को कहा कि अब ग्राहक कृत्रिम मेधा (एआई) को प्रारंभिक परीक्षण परियोजनाओं तक सीमित रखने की जगह अपनी मुख्य कारोबारी प्रक्रियाओं का हिस्सा बना रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में अब भी सतर्कता का माहौल है और कंपनियां लागत को कम करने एवं दक्षता बढ़ाने पर खास ध्यान दे रही हैं।प्रेमजी ने विप्रो की 80वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि बीते वर्ष में एआई और आधुनिकीकरण को लेकर चर्चा तेज रही, लेकिन कंपनियां सतर्क बनी रहीं और दक्षता, एकीकरण एवं लागत नियंत्रण को प्राथमिकता दी। एआई हमारे समय के सबसे बुनियादी बदलावों में से एक है। इससे जहां कार्यकुशलता बढ़ रही है, वहीं नवाचार, रूपांतरण एवं वृद्धि के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

## राजीव कुमार की नियुक्ति को आरबीआई से मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने बुधवार को कहा कि आरबीआई ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को तीन साल के लिए बैंक के अंशकालिक चेयरमैन के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कुमार की नियुक्ति 15 जुलाई, 2026 से प्रभावी होगी। मौजूदा अंतरिम चेयरमैन केकी मिस्त्री बैंक के गैर-कार्यकारी, गैर-स्वतंत्र निदेशक के रूप में बने रहेंगे। कुमार देश के मुख्य चुनाव आयुक्त और वित्त सचिव रह चुके हैं। उन्होंने 2017-2020 के दौरान वित्तीय सेवा विभाग का सचिव रहते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनरुद्धार और वित्तीय क्षेत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## रुपया 16 पैसे टूटकर 96.32 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया बुधवार को 16 पैसे की गिरावट के साथ 96.32 प्रति डॉलर पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और डॉलर के कमजोर होने से रुपये में गिरावट सीमित रही।


**उत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग**

**खुली निविदा सूचना संख्या NIT-01-GS-Engg-UMB-2026-27** **दिनांक 14.07.2026**

उप मुख्य अभियंता/जीएस/यूएमबी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते हुए, निम्नलिखित शीर्षकों के अंतर्गत खुली निविदाएं (ई–टेंडर) आमंत्रित करते हैं। ये निविदाएं **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं तथा इनकी अंतिम तिथि **05.08.2026** को **15:00** बजे तक है। निविदाकार केवल निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय तक ही अपनी मूल/संशोधित बोली प्रस्तुत कर सकेंगे। इन निविदाओं के विरूद्ध मैन्युअल (हस्तचालित) प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे तथा प्राप्त होने पर ऐसे प्रस्तावों को अनदेखा किया जाएगा। ठेकेदार इस निविदा के अंतर्गत अर्जित धनराशि (Earnest Money) का भुगतान **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध ई–पेमेंट गेटवे माध्यमों से नकद रूप में अथवा भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी बॉण्ड के रूप में या निविदा दस्तावेज के अनुसार कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए **www.ireps.gov.in** पर लॉगिन करें।

| निविदा प्रकार | निविदा अनुभाग | बोली प्रणाली |
|---|---|---|
| खुली | इंजी.जीएस./कार्य | एकल पैकेट प्रणाली |
| **निविदा अपलोड तिथि** | **बोली प्रारंभ तिथि** | **बोली समापन तिथि (समय)** |
| 14.07.2026 | 22.07.2026 | 05.08.2026 (15:00 बजे तक) |

| क्र.सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 01-जीएस-इंजी-यूएमबी-2026-27 | अंबाला मंडल के अंतर्गत अबोहर, नंगल डैम एवं संगरूर रेलवे स्टेशनों पर यात्री प्लेटफॉर्मों को मध्यम स्तर से उच्च स्तर तक ऊँचा करना तथा प्लेटफॉर्म शेल्टर का निर्माण। | | |
| | **विज्ञापित मूल्य** | **अग्रिम राशि** | **प्रस्ताव की वैधता** | **कार्य पूर्ण करने की अवधि** |
| | 7,75,55,282.26/- | 15,51,100/- | 60 दिन | 06 माह |
| | **समान प्रकृति का कार्य:-** "पटरी कार्य को छोड़कर कोई भी सिविल कार्य"। | | | |

**नोटः** निविदा में भाग लेने से पूर्व, निविदाकार यह सुनिश्चित कर लें कि उक्त निविदा के विरूद्ध कोई संशोधन/परिशिष्ट जारी तो नहीं किया गया है। **2433/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**DISTRICT OFFICE, HAFED ROHTAK**

**Email: dmhfdrtk@gmail.com**

Hafed invites short term tenders from the reputed parties / dealers for refilling, repair & New purchase of fire fighting equipments to be installed at various godowns in District Rohtak and Jhajjar, detail of which is given as under:

| Sr.No. | Particular | Capacity | No. of Cylinders |
|---|---|---|---|
| 1 | ABC type | 4.5 Kg./6 Kg. | 224+46 (D.O.+CFP) |
| 2 | CO2/Water | - | As per godown capacity |
| 3 | Bucket | | - |
| 4 | Stand | - | As per requirement |

The quantity of the cylinders may increase / decrease. The interested parties are requested to submit their tenders / offers for the above said work duly accompanied with the earnest money of Rs. 10000/- in the shape of Demand Draft in favour of "The Haryana State Cooperative Supply & Marketing Federation Limited Payable at Rohtak". The detailed terms & conditions alongwith tender form may be obtained from D.O. Hafed Rohtak during working hours from 16.7.2026 to 22.7.2026 on cash payment of Rs. 100/-. The tender form must be submitted upto 22.7.2025 at 05.00 PM. The technical bid will be opened on 23.7.2026 at 12.00 P.M. Hafed reserve the right to reject / accept any tender without assigning any reason.

**Sd/- District Manager**
**Hafed, Rohtak**


### ग्राहकों को झटकाः अब डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग और यूपीआई ही चलेगा

# क्रेडिट कार्ड से एलआईसी प्रीमियम पेमेंट बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने ऐसे ग्राहकों को तगड़ा झटका दिया है, जो अपने इंश्योरेंस प्रीमियम का पेमेंट ऑनलाइन तरीकों से क्रेडिट कार्ड से करते रहे हैं। एलआईसी की वेबसाइट पर कस्टमर पोर्टल के जरिए भी बीमा की किस्त का भुगतान होता है, लेकिन वहां अब सिर्फ नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड और यूपीआई से पेमेंट का विकल्प बचा है। बीमाधारक पहले इन तीन विकल्पों के अलावा क्रेडिट कार्ड से भी प्रीमियम का डिजिटल भुगतान कर सकते थे। ऑनलाइन के अलावा एलआईसी एजेंट के द्वारा या एलआईसी के ब्रांच में प्रीमियम का पेमेंट जमा हो सकता है। देश में बड़ी संख्या में डिजिटल पेमेंट के लिए लोग क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं। क्रेडिट कार्ड से पेमेंट लेना बंद करने से एलआईसी के ग्राहक बड़ी संख्या में प्रभावित हुए हैं।

#### एलआईसी बिल डेस्क की सेवा ले रही थी

एलआईसी के एक एजेंट ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि क्रेडिट कार्ड को पेमेंट के ऑप्शन से हटाने के पीछे पेमेंट गेटवे कंपनी द्वारा इस सेवा के बदले लिया जा रहा शुल्क वजह है। एलआईसी की साइट पर पेमेंट गेटवे कंपनी बिल डेस्क की सेवा थी, जिसके जरिए प्रीमियम भुगतान कंपनी तक पहुंचता था।



**सेवा शुल्क को लेकर हुआ कोई विवाद :** इस सेवा के बदले बिल डेस्क कंपनी से कुछ चार्ज लेती थी, जिसको लेकर संभवतः कोई विवाद पैदा हुआ है। क्रेडिट कार्ड से भुगतान के बदले एक सुविधा शुल्क लगता है, लेकिन उसका वहन एलआईसी ही करती है। डेबिट कार्ड, यूपीआई और नेटबैंकिंग से प्रीमियम पेमेंट पर कोई चार्ज नहीं लगता है।

## सोना स्थिर, चांदी में रही गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली।

■ चांदी 100 रुपये टूटकर 2,26,000 रुपये प्रति किलो

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहीं, जबकि स्थानीय मांग कमजोर होने के कारण चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले दिन के 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) के स्तर पर ही बनी रही। हालांकि, चांदी की कीमत 100 रुपये टूटकर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई, जबकि मंगलवार को यह 2,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## बैंक शेयरों में खरीदारी से बाजार में तेजी, सेंसेक्स 130 अंक मजबूत

■ अमेरिका में महंगाई का आंकड़ा उम्मीद से कम रहा

**मुंबई (एजेंसी)।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी आई और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बैंक शेयरों में बढ़त और अमेरिका में महंगाई का आंकड़ा उम्मीद से कम रहने के साथ बीएसई सेंसेक्स 130 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 26 अंक की तेजी रही। अमेरिका में महंगाई का आंकड़ा उम्मीद के मुकाबले अधिक नरम रहने से ऐसी संभावना है कि फेडरल रिजर्व आने वाले महीनों में मौद्रिक नीति के मामले में कम आक्रामक रुख अपनाएगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 130.49 अंक चढ़कर 77,185.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 591.33 अंक के लाभ के साथ 77,646.27 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित निफ्टी 26.45 अंक बढ़कर 24,078.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इंटरग्लोब एविएशन और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू शेयर बाजार ने मजबूती दिखाई और एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच मझोली और छोटी कंपनियों से जुड़े सूचकांकों ने बड़ी कंपनियों के शेयरों से बेहतर प्रदर्शन किया।''


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बलजीत सिंह** पुत्र काशी राम निवासी वीपीओ जसराना तहसील गोहाना जिला सोनीपत, हरियाणा ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 814/2023 धारा 33/38/58/52.2 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना मुंडका, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलजीत सिंह** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **बलजीत सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **बलजीत सिंह, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 814/2023 धारा 33/38/58/52.2 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना मुंडका, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.09.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री गौरव सिंघल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी -06
पश्चिम, कमरा नंबर 355
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

**DP/9472/OD/2026**



**जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एंव बाल विकास, झज्जर।**

**ई-निविदा सूचना।**

समेकित बाल विकास सेवाएं योजना के अन्तर्गत अल्प अवधि हेतू वर्ष 2026-27 के लिए जिला झज्जर में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास झज्जर, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, बहादुरगढ शहरी व महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी, साल्हावास के लिए गाडी हायर हेतू ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसका ई-टैण्डर नं0 2026_HRY_535248_1 है।

ऑनलाईन ई-निविदाएं भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 22.07.2026 को सांय 05:00 बजे तक होगी। उपरोक्त निविदा अतिरिक्त उपायुक्त, झज्जर की अध्यक्षता में विभाग द्वारा गठित जिला स्तरीय कमेटी द्वारा दिनांक 23.07.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जाएंगी। इच्छुक उम्मीदवार जो सभी नियम व शर्तें पूरी करते हों इसे भर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस मे जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एंव बाल विकास, कमरा नं0 4ए भूमि-तल लघु सचिवालय, झज्जर से कार्यालय के दूरभाष नं. 9466008776 व 9728659929 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं। दस्तावेज जिसमें सभी नियम व शर्तें शामिल हैं, उन्हे वेबसाईट **https://etenders.hry.nic.in** में देखें/डाउनलोड कर सकते हैं।

**हस्ता/-जिला कार्यक्रम अधिकारी,**
**महिला एवं बाल विकास, झज्जर।**

पीआरडीएच-1128/11/678/2027/47202/88/6 दि. 15.07.2026


## राशिफल

**मेष** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन–भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## गौतम अदाणी का अमेरिकी अदालत में हलफनामा पेश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने इस बात से इनकार किया है कि उनके खिलाफ आपराधिक आरोपपत्र को खारिज करने के अमेरिकी न्याय विभाग के फैसले के पीछे कोई वादा, समझौता या सौदा था। इसके साथ ही अमेरिकी अदालत में दाखिल हलफनामे में उन्होंने कहा है कि उन्हें इस संबंध में किसी भी तरह के लेन-देन की जानकारी नहीं है। यह हलफनामा अमेरिका में न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले की जिला अदालत के न्यायाधीश निकोलस गराउफिस के निर्देश पर दाखिल किया गया है। जिला न्यायाधीश ने आठ जुलाई को अदाणी से शपथ लेकर यह स्पष्ट करने को कहा था कि क्या आरोपों को वापस लेने के फैसले के संबंध में उन्हें किसी प्रस्ताव, समझौते या लाभ की जानकारी है। अदाणी ने अपने हलफनामे में कहा है कि उन्हें 'किसी भी तरह के वादे, पेशकश, मांग, प्राप्ति, सहमति या स्वीकार' के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि आरोप हटाने के बदले में किसी मूल्यवान चीज के आदान-प्रदान से जुड़ा कोई समझौता हुआ था।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | साइमलटेनियस थर्मल एनालाइजर (डीएससी/ टीजीए) की खरीद, रोहतक। | 16.07.2026 06.08.2026 | रु. 78.00 लाख | www.mdu.ac.in | 9050236716 dr.cil@mdurohtak.ac.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

संवाद–13/2027/40/47211/I/88/6 दि. 15.07.26




**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला (एचएमएससीएल) | पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप आधार पर हांसी, हरियाणा के नागरिक हस्पताल में सिटी और एमआरआई स्कैन सेवाओं के लिए रेडियोलॉजी इमेजिंग डायग्नोस्टिक सेंटर्स के विकास, प्रचालन व रखरखाव हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह। | 15.07.2026 05.08.2026 | रु.12,00,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

संवाद–13/2027/40/47212/I/88/6 दि. 15.07.26


## शब्द पहेली - 6288




**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष–2
2.आफत,मुसीबत–2
3.यमराज–2
4.तीर, बाण–2
6.आनेवाला दिन–2
7.उत्साह–2
8.उचित, सही–3
9.बंधन–2
10.बाण–2
11.उपवन, जंगल–3
12.सरिता–2
13.शिविर, तंबू–2
14.रुई साफ करना–3
16.फंदा, पाश–2
17.भीरु, डरपोक–3
18.तालाब –2
19.सम्मान–2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या–3
21.श्याम,काले रंग का–2
22.देह, तन, बदन–2
23.चुनना, छांटना–3
24.रघुवीर, सियावर–2
26.जलजला–3
27.कोलाहल–2
28.अवरोध–2
29.दलदल–3
30.पत्नी का भाई–2
31.रिवाज, रस्म–2
32.कक्ष, रूम–3
33.गधा, गर्दभ–2
34.जनकपुत्री–2
36.वोट, राय–2
37.विजय–2
38.मां का भाई–2
39.मूल्य–2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई–2
2.दम, ताकत–2
3.यमराज–2
4.सोना, निद्रा लेना–3
5.धूल, मिट्टी–2
6.शारीरिक ऊंचाई–2
7.बल, दम–2
8.पहचानना–3
9.बंधक–2
10.मोमबत्ती (उर्दू–2)
11.विवश–3
12.भीगा हुआ–2
13.क्रीड़ा–2
14.सहमत–3
15.फंदा–2
16.प्राण–2
17.आकांक्षा–3
18.लॉक–2
19.प्रकृति,धन–2
20.धावक–3
21.कार्य–2
22.सवारी गाड़ी–2
23.जंगल–3
24.झगड़ा–2
25.सरल–2
26.कूड़ा–3
27.अंगारा–2
28.वार्तालाप–2
29.दाम, मूल्य–3
30.सारांश–2
31.खाली–2
32.थोड़ा–2
33.पत्र, चिट्ठी–2
34.हद–2
35.बल, ताकत–2

**शब्द पहेली- 6287 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | | ब | स | | धा | गा | | ह | य |
| व | ह | म | | ब | म | | ना | ला | | ह |
| | न | म | न | | जा | न | | र | मा | |
| ना | | ता | क | त | | शा | न | | ता | त |
| क | मी | | ल | ल | ना | | म | न | | न |
| | न | ख | | वा | च | क | | ल | क्ष | |
| स | | र | वा | | ना | म | क | | मा | दा |
| खा | द | | त | र | | र | ह | न | | म |
| | म | स्त | | मा | न | | वा | ह | क | |
| दा | | र | स | | या | र | | र | च | ना |
| स | दा | | च | क्षु | | न | भ | | य | ल |



## एक और टीएमसी विधायक ने दीदी का साथ छोड़ा

# ऋतब्रत नीत बागी गुट में शामिल हुए मदन मित्रा

भाषा ▶▶| कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के करीबी माने जाने वाले विधायक मदन मित्रा बुधवार को नेता प्रतिपक्ष ऋतब्रत बनर्जी की अगुवाई वाले बागी गुट में शामिल हो गए। विधायक ने दावा किया कि उन्होंने पार्टी नहीं छोड़ी थी। कामरहाटी से विधायक मित्रा ने घोषणा की कि वह ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की सभी राष्ट्रीय और संगठनात्मक समितियों से इस्तीफा दे रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने पश्चिम बंगाल विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक पद से भी तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। इस घटनाक्रम को ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, जो बीते कुछ महीने से अभूतपूर्व बगावत का सामना कर रहा है। मित्रा ने बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी से मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा कि मैंने अपना कमरा बदला है, मकान नहीं। मैं तृणमूल कांग्रेस का ही हिस्सा हूं।" उन्होंने कहा कि शायद उस कमरे में आरामदायक बिस्तर था, जबकि इस कमरे में केवल एक चारपाई है। मैंने चारपाई को चुना है।"




## ममता ने बगावत के बीच अभिषेक का समर्थन किया तृणमूल को फिर से मजबूत बनाने का संकल्प लिया



- बोलीं-मैं गद्दारों की ओर से लोगों से माफी मांगती हूं
- कई नेता डर की वजह से दूसरी पार्टी में चले गए

कोलकाता(भाषा)। तृणमूल कांग्रेस छोड़ने वाले कई बागी नेताओं द्वारा अभिषेक बनर्जी पर कथित मनमानी का आरोप लगाए जाने के बीच पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी बुधवार को अपने भतीजे के समर्थन में मजबूती से खड़ी नजर आईं। ममता ने 'गद्दारों की ओर से' लोगों से माफी मांगी और कहा कि न तो उन्होंने और न ही उनके परिवार ने कभी राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए समझौता किया। ममता बनर्जी ने कड़े तेवर दिखाते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर केंद्रीय जांच एजेंसियों और पुलिस का इस्तेमाल कर नेताओं से दल बदलवाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो वह तृणमूल कांग्रेस को फिर से शुरू से खड़ा करेंगी। ममता ने साथ ही आरोप लगाया कि उनके विरोधी उन्हें मरता हुआ देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे चाहते थे कि मुझे दिल का दौरा पड़े। लेकिन मैं तब तक जिंदा रहूंगी, जब तक तुम्हारा अंत नहीं देख लेती। पूर्व मुख्यमंत्री ने तृणमूल में फूट के बाद अभिषेक बनर्जी का जोरदार तरीके से बचाव करते हुए कहा कि उनके भतीजे को पार्टी पर हमला करने का 'बहाना' बना दिया गया है।

### ममता को रैली करने की इजाजत दे : हाईकोर्ट



- बिड़ला तारामंडल के पास 21 जुलाई को होगा कार्यक्रम

*कोलकाता (भाषा)। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को पुलिस को निर्देश दिया कि वह तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट को बिड़ला तारामंडल के पास 21 जुलाई को 'शहीद दिवस' रैली आयोजित करने की अनुमति दे। टीएमसी कई वर्षों से मध्य कोलकाता के एस्प्लेनेड में विक्टोरिया हाउस के सामने 21 जुलाई को शहीद दिवस रैली आयोजित करती आ रही है। उच्च न्यायालय ने विक्टोरिया हाउस के सामने से रैली का स्थान बदलकर बिड़ला तारामंडल के पास करने का आदेश मुख्य रूप से यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने और कानून-व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से दिया।*

## आज से शुरू हो रही जगन्नाथ रथ यात्रा



पुरी। पुरी में बुधवार को रथ यात्रा उत्सव से पहले, लोग जगन्नाथ मंदिर के सामने तीनों रथों को सही जगह पर लाने के लिए 'दक्षिण मोड़ा' रस्म निभाते हुए।

पुरी। ओडिशा के पुरी में हर साल जगन्नाथ रथ यात्रा बड़ी भव्यता के साथ निकाली जाती है। यह उत्सव हिंदू धर्म के अहम त्योहारों में शामिल है। इसे देखने के लिए देश-दुनिया से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पुरी पहुंचते हैं। इसमें देवता मंदिर के बाहर आकर पुरी की गलियों से गुजरते हुए श्रद्धालुओं को दर्शन देते हैं। इस

- विशाल रथ, लाखों भक्त और एक अनूठी परंपरा

रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और बहन सुभद्रा तीनों लकड़ी के बने रथों पर विराजमान होते हैं, जिन्हें हजारों की संख्या में श्रद्धालु खींचते हैं। रथ यात्रा का आयोजन गुरुवार से हो रहा है।

## रेलवे से दो मामलों में ड्यूटी पर तैनात कर्मी की जानकारी मांगी थी

# टीटीई का नाम और पद बताना होगा : सीआईसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत सरकारी काम करने वाले कर्मचारियों की पहचान को निजी जानकारी नहीं माना जा सकता। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने यह फैसला दिया है। इसके साथ ही सीआईसी ने रेलवे को दो अलग-अलग मामलों में ड्यूटी पर तैनात यात्रा टिकट जांचकर्ताओं (टीटीई) के नाम और उनके पद की जानकारी देने को कहा है। सूचना आयुक्त स्वागत दास ने उत्तर पश्चिम रेलवे और पश्चिम रेलवे के खिलाफ दिए गए अलग-अलग आदेशों में कहा कि रेलवे ने टीटीई के नाम और पद की जानकारी देने से इनकार करने के लिए आरटीआई कानून की धारा 8(1)(जे) में दी गई छूट का गलत इस्तेमाल किया। ये टीटीई अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे थे।




### रेलवे ने जानकारी देने से इनकार कर दिया

- दोनों मामलों में रेलवे ने जानकारी देने से इनकार कर दिया था। रेलवे का कहना था कि यह जानकारी तीसरे पक्ष की निजी जानकारी है और आरटीआई कानून की धारा 8(1)(जे) के तहत इसे सार्वजनिक करने से छूट मिली हुई है।
- पश्चिम रेलवे से जुड़े मामले में आयोग ने कहा कि आरटीआई कानून के तहत आधिकारिक काम करने वाले सरकारी कर्मी का नाम और पद निजी जानकारी नहीं माना जा सकता।

### आरटीआई के तहत जानकारी मांगी थी

एक अपील उदयपुर एक्सप्रेस में तैनात एक टीटीई से जुड़ी थी। इसमें अपीलकर्ता ने उस कर्मचारी का नाम और पद, शिकायतों से जुड़ी जानकारी, सतर्कता दस्तावेज, अनुशासनात्मक कार्रवाई और सेवा से जुड़ी अन्य जानकारियां मांगी थीं। दूसरा मामला, असरवा-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस से जुड़ा था। इसमें अपीलकर्ता ने ड्यूटी पर तैनात टीटीई का नाम, कर्मचारी पहचान संख्या और पद की जानकारी मांगी थी।




## खबर संक्षेप

### राहुल को राहत, कोर्ट ने रद्द की निगरानी याचिका



नई दिल्ली। गृहमंत्री अमित शाह पर कथित विवादित टिप्पणी से जुड़े मानहानि केस में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को एमपी-एमएलए कोर्ट से राहत मिली है। स्पेशल जज राकेश यादव ने भाजपा नेता विजय मिश्र की निगरानी याचिका खारिज कर दी। अदालत नेआदेश में हस्तक्षेप से इनकार किया। मानहानि की सुनवाई का रास्ता साफ हो गया है।

### सीजेआई को अपशब्द कहने वाले स्टूडेंट पकड़े



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान हंगामा करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने 2 कानून के छात्रों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर अदालत की कार्यवाही में बाधा डालने, अभद्र व्यवहार करने और सुरक्षाकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करने का आरोप है। फिलहाल दोनों आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं और मामले की जांच फिलहाल जारी है।

### परिसीमन बिल पर पवार गुट केंद्र के साथः सुले



मुंबई। महाराष्ट्र की सियासत में शरद पवार की पार्टी एनसीपी (एसपी) के भविष्य को लेकर तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही है। मीडिया में इस तरह की रिपोर्ट आई हैं कि शरद पवार की पार्टी ( राकंपा) के कई विधायक भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होना चाहते हैं। इन सब अटकलों के बीच एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने ऐलान किया कि उनकी पार्टी केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन बिल का समर्थन करेगी।

### ईबिक्स अध्यक्ष विकास को ईडी की हिरासत में

नई दिल्ली/रायपुर। छत्तीसगढ़ की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े करोड़ों रुपये के धन शोधन मामले में ईबिक्स समूह के अध्यक्ष विकास गर्ग को बुधवार को 10 दिन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। गर्ग (53) को ईडी ने दिल्ली में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मंगलवार को गिरफ्तार किया था।

## पंजाब कांग्रेस में बगावत को लेकर हाईकमान में मतभेद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/चंडीगढ़

सूबे के विधानसभा चुनाव से करीब 7 महीने पहले पंजाब कांग्रेस में मचा सियासी घमासान थमता नजर नहीं आ रहा है। अब इसे सुलझाने को लेकर हाईकमान में भी मतभेद दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इस मामले में राहुल गांधी की टीम और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अलग-अलग राय है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल व पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल नहीं चाहते थे कि राजा वड़िंग को प्रधान की कुर्सी से हटाया जाए। वहीं खरगे बदलाव को लेकर चर्चा करने के पक्ष में हैं। यही वजह है कि केसी वेणुगोपाल से एक घंटे मीटिंग के बाद खरगे ने भी बघेल को तलब कर पंजाब की स्थिति पर सवाल-जवाब किए। हालांकि अभी तक इस मुद्दे पर कांग्रेस हाईकमान या फिर दूसरे नेता कुछ भी औपचारिक तौर पर बोलने को तैयार नहीं है। इससे पहले बुधवार को हाईकमान ने अचानक विधायक दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा को दिल्ली बुलाया।



चंडीगढ़। दिल्ली से लौटते ही बाजवा चन्नी से मिलने पहुंचे।

- खरगे बदलाव पर चर्चा के पक्ष में, बघेल और राहुल की टीम वड़िंग पर अड़ी

### *दिल्ली से लौटते ही बाजवा चन्नी से मिले*

जहां केसी वेणुगोपाल से उनकी मीटिंग हुई। तब ये भी चर्चा रही कि वड़िंग से इस्तीफा लेकर बाजवा को प्रधान बना सकते हैं लेकिन बाजवा इसके बाद पंजाब लौट आए। पंजाब आकर उन्होंने पूर्व सीएम चन्नी से मुलाकात की। माना जा रहा है कि बाजवा के जरिए हाईकमान ने अपना संदेश चन्नी को भेजा है।

## दिल्ली, पंजाब, तेलंगाना व कर्नाटक में एसआईआर की प्रक्रिया आगे बढ़ी

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने दिल्ली और तीन प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समयसीमा को बुधवार को आगे बढ़ा दिया। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन अब पांच अगस्त के बजाय 17 अगस्त को किया जाएगा। घर-घर जाकर सत्यापन करने की प्रक्रिया अब आठ अगस्त तक जारी रहेगी, जो पहले 29 जुलाई तक के लिए निर्धारित थी। पंजाब में बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर किए जाने वाले सत्यापन का कार्य अब तीन अगस्त तक जारी रहेगा। पहले यह अभियान 24 जुलाई तक पूरा होना था। मतदाता सूची का मसौदा 31 जुलाई के बजाय 13 अगस्त को प्रकाशित किया जाएगा। वहीं, अंतिम मतदाता सूची पहले निर्धारित 10 अक्टूबर के स्थान पर अब 12 अक्टूबर को जारी होगी। तेलंगाना में प्रारूप मतदाता सूची 10 अगस्त को प्रकाशित की जाएगी।



**एक करोड़ डॉलर के साथ पकड़ा गया था विदेशी जांच में बड़ा खुलासा**

## ईडी की चेन्नई में फॉरेन करंसी रैकेट के खिलाफ छापेमारी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा की अवैध नकद सप्लाई से जुड़े रैकेट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को चेन्नई में कई ठिकानों पर छापेमारी की। अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्रवाई फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (फेमा) के तहत की जा रही है। जांच एजेंसियों ने पिछले सप्ताह चेन्नई में सेनेगल के एक नागरिक को लगभग 1 करोड़ रुपये मूल्य के अमेरिकी डॉलर के साथ पकड़ा गया था। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि विदेश से संचालित एक नेटवर्क के जरिए चेन्नई की कुछ स्थानीय संस्थाओं को नियमित रूप से विदेशी मुद्रा नकद में पहुंचाई जाती थी। इसी जानकारी के आधार पर ईडी ने कम से कम तीन ऐसे




संस्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया है, जिन पर विदेशियों से नकद विदेशी मुद्रा प्राप्त करने का आरोप है। अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल छापेमारी जारी है और दस्तावेजों व अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। मामले में आगे की जांच के बाद नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जाएगी

## वांगचुक के अनशन पर केंद्र व दिल्ली सरकार को नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे सोनम वांगचुक का मामला दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया है। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक बीती 28 जून से आमरण अनशन कर रहे हैं। सोनम वांगचुक द्वारा की जा रही भूख हड़ताल को लेकर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका पर सुनवाई हुई। दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने



- हाईकोर्ट में आज होगी सुनवाई

कल तक जवाब देने को कहा है। याचिका पर मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की खण्डपीठ सुनवाई कर रही थी। याचिका सामाजिक कार्यकर्ता और वकील राकेश कुमार सैनी ने दाखिल की है। याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि वांगचुक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जाए।



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वन विभाग सिरसा | एनएचएआई स्कीम के तहत सिरसा डबवाली रेंज में नया पौधारोपण और कार्यों का रखरखाव। | 14.07.2026 22.07.2026 | 99.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416067122 forest_srisa@yahoo.com |
| 2 | बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | मद अर्थात फॉल्स सीलिंग की अधिप्राप्ति + छह कार्यों के लिए निविदा हेतु विज्ञापन के प्रकाशन के सम्बन्ध में। | 16.07.2026 23.07.2026 | ईएमडी 70000 | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 437 मदों तक मदें निहित सूची (437 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.07.2026 19.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 4 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 01 मद तक अर्थात स्पेक्ट्रोमीटर मदें निहित सूची (01 मद का सिंगल लॉट)* | 16.07.2026 19.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 34 मदों तक मदें निहित सूची (34 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.07.2026 19.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 25 मदों तक मदें निहित सूची (25 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.07.2026 19.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 22 मदों तक मदें निहित सूची (22 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.07.2026 19.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 03 मदों तक मदें निहित सूची (03 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.07.2026 19.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 13 मदों तक मदें निहित सूची (13 मदों का सिंगल लॉट)* | 16.07.2026 19.08.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/180/47210/I/88/6 दि. 15.07.26

## चिंतन

# ट्रंप की टैरिफ की धमकी के बीच यूके से एफटीए

वैश्विक व्यापार इस समय एक दिलचस्प मोड़ पर खड़ा है। एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की चेतावनी देकर आर्थिक दबाव की राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं, तो दूसरी ओर भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) लागू होना आर्थिक सहयोग के नए अध्याय की शुरुआत कर रहा है। ये दोनों घटनाएं बताती हैं कि आज दुनिया में व्यापार केवल वस्तुओं के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कूटनीति, रणनीति और राष्ट्रीय हितों का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। अमेरिका की प्रस्तावित टैरिफ नीति का निशाना रूस की ऊर्जा आय को कम करना है, लेकिन इसका असर भारत जैसे देशों पर भी पड़ सकता है, जिन्होंने अपनी ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रूस से तेल खरीदना जारी रखा है। भारत आज रूस से सबसे अधिक कच्चा तेल खरीदने वाले देशों में शामिल है। सस्ते रूसी तेल ने भारत को महंगाई नियंत्रित रखने, ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण मदद की है। ऐसे में यदि रूस से तेल खरीदने के आधार पर भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की कोशिश होती है, तो यह केवल व्यापारिक फैसला नहीं, बल्कि आर्थिक दबाव बनाने की रणनीति होगी। अमेरिकी सीनेट में रूस पर प्रतिबंधों से जुड़ा एक संशोधित बिल पेश किया गया है। इसमें रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव है। इसका मकसद रूस की तेल से होने वाली कमाई को कम करना है, ताकि उसकी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर हो सके। इसी बीच भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते का लागू होना भारत के लिए सकारात्मक संकेत है। यह समझौता केवल टैरिफ घटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, तकनीक और रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा। भारतीय उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में लगभग शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने से वस्त्र, चमड़ा, इंजीनियरिंग, कृषि और एमएसएमई क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलने की संभावना है। दूसरी ओर भारतीय उपभोक्ताओं को ब्रिटेन से आने वाली कारें, स्कॉच व्हिस्की, कॉस्मेटिक्स, मेडिकल उपकरण और कई प्रीमियम उत्पाद अपेक्षाकृत कम कीमत पर उपलब्ध होंगे। हालांकि, एफटीए का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब भारतीय उद्योग गुणवत्ता, तकनीक और उत्पादकता के स्तर पर वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए स्वयं को तैयार करेंगे। केवल आयात सस्ता होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि निर्यात बढ़ाना और घरेलू उद्योगों को मजबूत बनाना भी उतना ही आवश्यक है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि मुक्त व्यापार का लाभ किसानों, एमएसएमई और छोटे उद्योगों तक भी पहुंचे। कुल मिलाकर ट्रंप की टैरिफ चेतावनी और भारत-यूके एफटीए, दोनों यह साबित करते हैं कि आने वाले समय में वैश्विक व्यापार का स्वरूप केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक और रणनीतिक भी होगा। जहां टैरिफ व्यापार को सीमित करने और दबाव बनाने का माध्यम बन सकता है, वहीं मुक्त व्यापार समझौते विकास, निवेश और साझी समृद्धि के रास्ते खोलते हैं। भारत के लिए सही रास्ता यही है कि वह दबाव की राजनीति से अप्रभावित रहते हुए अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे और एफटीए जैसे समझौतों के जरिए वैश्विक बाजार में अपनी आर्थिक ताकत को और मजबूत बनाए। यही संतुलित नीति भारत को बदलती विश्व व्यवस्था में एक भरोसेमंद और प्रभावशाली आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करेगी।

# सहकारिता के नए आकाश में नई उड़ान



नवाचार
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

> त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विश्व में उस परिवर्तनकारी सोच का प्रतीक माना जा रहा है, जिसमें सहकारिता को केवल डेयरी, चीनी या बैंकिंग तक सीमित नहीं किया जाएगा अपितु सहकारिता का विस्तार जैविक खेती, खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य पालन, बीज उत्पादन, पर्यटन, डिजिटल सेवाओं, ई-कॉमर्स, हरित ऊर्जा और ग्रामीण उद्यमिता को समेकित करते किया जाएगा। इस विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रबंधन, डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वित्तीय अनुशासन और वैश्विक दृष्टि पर बहसें होंगी। देश के उत्थान पॉलिसीज पर कार्य करने वाले चेंज मेकर यह मान रहे हैं कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय संभावनाओं का संस्थागत स्वरूप है।

भारत का सहकारिता आन्दोलन अपने नए स्वरूप में आ गया है। बौद्धिक समाज का उत्पादन एवं उनसे राष्ट्र निर्माण की कोशिश भारत के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। वैसे तो आणंद का नाम श्वेत क्रांति के स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित है, जहां त्रिभुवनदास पटेल, सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रेरणा और डॉ. वर्गीज़ कुरियन की दूरदर्शिता व आत्मविश्वास अपना नया आकार पाया। इस भूमि पर जिन मनीषियों ने कार्य किया उन्होंने सिद्ध किया कि यदि उत्पादक स्वयं अपने संगठन के स्वामी बन जाएं, तो आर्थिक स्वतंत्रता किसी स्वप्न से कम नहीं होती। उदाहरणतया अमूल की सफलता केवल दुग्ध उत्पादन की कहानी नहीं है, यह विश्वास, सहभागिता और लोकतांत्रिक प्रबंधन की सफलगाथा है। इसी विरासत को नए युग की आवश्यकताओं के अनुरूप आगे बढ़ाने का संकल्प है-त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय, जिसे अमित शाह वर्षों से स्थापित करना चाहते थे। विश्व में यह विश्वविद्यालय उस परिवर्तनकारी सोच का प्रतीक माना जा रहा है, जिसमें सहकारिता को केवल डेयरी, चीनी या बैंकिंग तक सीमित नहीं किया जाएगा अपितु सहकारिता का विस्तार जैविक खेती, खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य पालन, बीज उत्पादन, पर्यटन, डिजिटल सेवाओं, ई-कॉमर्स, हरित ऊर्जा और ग्रामीण उद्यमिता को समेकित करते किया जाएगा। इस विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रबंधन, डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वित्तीय अनुशासन और वैश्विक दृष्टि पर बहसें होंगी। देश के उत्थान पॉलिसीज पर कार्य करने वाले चेंजमेकर यह मान रहे हैं कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय संभावनाओं का संस्थागत स्वरूप है। यहां से निकलने वाले विद्यार्थी केवल डिग्रीधारक नहीं लेकर निकालेंगे अपितु वे सहकारिता के नए राजदूत होंगे। वे गांवों में नई आशा की लौ जगाएंगे।

किसानों को बाजार से जोड़ेंगे। महिलाओं को आर्थिक शक्ति देंगे। युवाओं को उद्यमिता की राह दिखाएंगे। समाज में साझेदारी की संस्कृति को सुदृढ़ करेंगे। उनका कार्य आर्थिक प्रगति और सामाजिक संवेदनाओं दोनों को निर्मित करेंगे। इस विश्वविद्यालय के विजन प्लान को सही से पढ़ा जाए तो ऐसा लगता है कि एनईपी-2020 के माध्यम से शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध करने हेतु नहीं निर्धारित हुए हैं, अपितु वह व्यक्ति को समाज के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए भी है। उसके लिए ठीक-ठीक कार्य आईआईएम जैसे संस्थाओं से अधिक सहकारिता विश्वविद्यालय करेगा। यह उस क्षण का आरंभ है जब विद्यार्थी पुस्तकों से बाहर निकलकर जीवन की खुली पाठशाला में प्रवेश कर रहे हैं। वास्तव में वास्तविक विश्वविद्यालय वही है जो वास्तविक जीवन मूल्य परिवर्तन का माध्यम बने। नए जीवन की शुरुआत प्रथम दीक्षांत समारोह से जो शुरू करने जा रहे हैं वे रिश्क में नहीं हैं, अपितु वे सन्देश दे रहे हैं कि जीवन मूल्य भी अब सहकारिता से सुरक्षित होंगे। यह सहकारिता में नए आकाश में नई उड़ान है, चाहे कोई माने या न माने। यह उड़ान निःसंदेह सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह के संकल्पों से संभव हो पा रही है, ऐसा कहा जाए तो कोई अतिश्योक्तिपूर्ण बात न होगी। हम सभी आज यह महसूस करने लगे हैं कि भारत की सहकारी व्यवस्था आज विश्व की सबसे बड़ी जन




आधारित आर्थिक व्यवस्थाओं में से एक है। करोड़ों नागरिक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहकारी संस्थाओं से जुड़े हैं। किसानों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों, कारीगरों और ग्रामीण युवाओं के लिए सहकारिता केवल संस्था नहीं, बल्कि अवसर का द्वार है। लाभ और लोकहित के बीच संतुलन स्थापित कर नवाचार हेतु विकास का माध्यम सहकारिता बनने जा रही है। सहकारिता का प्राण उसके नैतिक मूल्यों में निहित है। विश्वास, पारदर्शिता, सहभागिता, उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक निर्णय, ये वे आधार हैं जिन पर सहकारिता का विशाल भवन खड़ा हुआ है। यदि इन मूल्यों के साथ त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय दायित्वबोध लेकर ऐसे चरित्रवान नेतृत्व का निर्माण करने की कोशिश कर रहा है तो इसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। विशेष विश्लेषण करने पर ऐसा लगता है कि यह विश्वविद्यालय सहकारिता के नए पक्षियों के कलरव से लोकमंगल का माध्यम बनने वाला है। जो 302 विद्यार्थी एवं 2 स्कॉलर को स्नातक एवं पीएचडी की उपाधि मिली है, यह तो एक शुरुआत है। केंद्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर ने गुजरात के आणंद में 'त्रिभुवन' सहकारी विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में कहा भी कि नरेंद्र मोदी के "सहकार से समृद्धि" के संकल्प तथा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व में स्थापित 'त्रिभुवन' सहकारी यूनिवर्सिटी सहकारिता क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर है। यह यूनिवर्सिटी भविष्य के सहकारी नेतृत्वकर्ताओं, शोधकर्ताओं और पेशेवर प्रबंधकों को तैयार कर भारत के सहकारी आंदोलन को नई दिशा और नई गति प्रदान करेगी। यह बात शत-प्रतिशत सही भी है और उनके प्रयासों का एक तरह से अभिनंदन भी है। सहकारिता को नया बौद्धिक आधार ऐसे विश्वविद्यालय की स्थापना से जो मिलने लगा है, जिसने ज्ञान, शोध, नवाचार और मानवीय मूल्यों का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया है तो ऐसे ऐतिहासिक पहल को स्वर्णाक्षरों में अंकित भी किया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमित शाह की मुक्त कंठ से प्रशंसा भी की जानी चाहिए। दरअसल, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय उस विश्वास का प्रतीक अब बनने जा रहा है, जो संगठित समाज की शक्ति व किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पहल है। भारत इससे विश्व की सहकारिता को टक्कर देगा और देश को सशक्त बनाएगा, इसे नहीं भूलना चाहिए। महिला डिग्रीधारिकों की एक नई नवाचार की प्रयोगशाला होगी। महिलाएं सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखेंगी, यह विश्वविद्यालय की उपलब्धियों में शामिल होने जा रहा है। हम खुद विश्व जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा और असमानता जैसी चुनौतियों से लड़ेंगे और सहकारिता के माध्यम से सशक्त बनकर और भारतीय जनमानस को सशक्त बनाकर सामुदायिक भागीदारी और टिकाऊ विकास का नया मार्ग तैयार करेंगे। सहकारिता विश्वविद्यालय के संबंध में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के आणंद में इस विश्वविद्यालय के शिलान्यास समारोह में इसके उद्देश्यों को विस्तार से रखा तो इसके बारे में जो भी कल्पनाएं लोग किए हों, लेकिन अब तो इस विश्वविद्यालय से सैकड़ों छात्र व शोधार्थी उपाधि प्राप्त करके भारत देश की सेवा में आगे बढ़ने जा रहे हैं। अब जो अनमने ढंग से इस पहल की आलोचना करते रहे होंगे उनके लिए भी एक सीख है कि देश के लिए पहले अपने मन में इच्छा पैदा करो, उसे संजोकर उसकी संकल्पना को स्वरूप दो और फिर उसे स्थापित करके मिसाल के रूप में पेश करो। अमित शाह की प्रसन्नता की अनुभूति निःसंदेह असीमित होगी क्योंकि सहकारिता के नए आकाश में नई उड़ान की यह देशव्यापी हर्ष व उल्लास की बेला है।

(लेखक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में चेयर प्रोफ़ेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## रक्षा प्रणाली

प्रमोद भार्गव




# लंबी जंग की तैयारी के लिए सक्षम होता भारत

ऑपरेशन सिंदूर की छोटी लड़ाई के बाद भारत रक्षा-रणनीति में बदलाव के ऐसे संकेत दे रहा है कि पाकिस्तान या अन्य किसी देश से लंबी लड़ाई भी लड़नी पड़े तो उसकी युद्ध क्षेत्र में सक्षमता बनी रहे। नतीजतन पिछले सवा साल में भारत ने हथियार व अन्य उपकरणों की बड़ी खरीद की है अथवा उसकी तैयारी चल रही है। अतएव स्पष्ट संकेत है कि तीनों सेनाओं को अब सीमित जवाबी कार्रवाई के लिए नहीं, बल्कि लंबी और बहुस्तरीय लड़ाई के लिए तैयार किया जा रहा है। रक्षा क्रियान्वयन सलाहकार परिषद ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत हुए संघर्ष के बाद 55 प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिनकी कुल कीमत 9.80 लाख करोड़ रुपये हैं। यह राशि कई वर्षों में धीरे-धीरे खरीद सौदों, निर्माण कार्यों और योजनाओं के आधुनिकीकरण पर खर्च होगी। हाल ही में भारतीय निजी उद्योगपतियों को भी बड़ी रक्षा सामग्री के निर्माण की अनुमति दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर तीन नौसेनिक जहाजों आइएनएस दूनागिरी, आइएनएस संशोधक और आइएनएस अग्रय को नौसेना के बेड़े को सुपुर्द करते हुए कहा है कि 'कोई भी राष्ट्र समुद्र में अपनी क्षमता बढ़ाए बिना बड़ी शक्ति नहीं बन सकता है। ये संकेत स्पष्ट करते हैं कि ये तैयारियां भारत को सामरिक दृष्टि से वैश्विक पटल पर महत्वपूर्ण बना रही हैं। इन खरीदों में टैंक, तोप, ड्रोन, एयरडिफेंस इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और लंबी दूरी के सटीक हमले के लिए एआई नेटवर्क आधारित युद्ध क्षमता को विकसित करने के बड़े संकेत हैं। दरअसल रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास और अमेरिका-ईरान तथा पश्चिम एशिया के देशों में चल रहे युद्ध को देखते हुए भारत की सैन्य सोच बदली है। हालांकि पनडुब्बियों और पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की भी बड़ी संख्या में जरूरत है। भारत ने मार्च 2025 में 54 हजार करोड़, जुलाई में 1.05 लाख करोड़, अगस्त में 67 हजार करोड़, अक्टूबर में 79 हजार करोड़ की रक्षा सामग्री खरीद के प्रस्ताव अलग-अलग देशों को दिए हैं। फरवरी 2026 में 3.6 लाख करोड़ की रक्षा सामग्री खरीद प्रस्तावों को मंजूरी देने के साथ 114 नए राफेल विमान भी खरीदे जा रहे हैं। इसी माह जुलाई में 52 हजार करोड़ की सामग्री सैन्य-बलों की जंगी क्षमता बढ़ाने के लिए दिए गए हैं। साफ है, भविष्य में भारत का किसी देश से युद्ध होता है तो वह लंबी लड़ाई की सामर्थ्य दिखाने में अग्रणी रहेगा। स्वदेशी तकनीक से निर्मित जो तीन युद्धपोत सेना में शामिल किए गए हैं, उनसे वाकई भारत की समुद्र में ताकत बढ़ी है, क्योंकि बीते कुछ वर्षों में 40 से अधिक स्वदेश में ही निर्मित युद्धपोत और पनडुब्बियां समुद्र में तैनात कर दिए हैं। भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ाने वाले ये जहाज और पनडुब्बियां भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ देश की औद्योगिक क्षमता बढ़ाने वाली है। आने वाले दिनों में इनके निर्यात के द्वार भी खुल जाएंगे। अतएव पश्चिम बंगाल की ब्लू इकोनोमी का बड़ा केंद्र बन जाएगा। भारत में नौसैनिकों की सुविधाओं के लिए 45 बड़े प्लेटफॉर्म भी तैयार किए जा रहे हैं। आइएनएस दूनागिरी अत्याधुनिक हथियारों और संवेदनशील प्रणालियों के साथ ब्रह्मोस मिसाइल से संपन्न है।

ब्रह्मोस सतह से सतह और सतह से आकाश तक शत्रु पर सटीक हमला करने में युद्धपोत पर लगे नवीनतम उपकरण एवं स्टेल्थ तकनीक के कारण यह मिसाइल रडार की पकड़ में नहीं आती है। इसकी इस विलक्षणता के चलते ब्रह्मोस मिसाइल को दूसरे देश भी खरीद रहे हैं। आइएनएस संशोधक देश का सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत है। इसे तटीय क्षेत्रों व गहरे समुद्री इलाकों में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने तथा रक्षा एवं नगरिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाने के उद्देश्य से निर्मित किया गया है। आइएनएस अग्रय पनडुब्बी रोधी युद्धपोत है। उथले समुद्री क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों और अन्य खतरों का मुकाबला करने में इसे अत्यंत प्रभावी माना जा रहा है। यह टारपीडो, स्वदेशी रॉकेट लांचर और उथले जल के लिए विकसित सोनार प्रणाली से लैस है। इसके चलते समुद्र के भीतर गुप्त खतरे का इसे पता चल जाता है। स्वदेशी युद्धपोत निर्माण की इस क्षमता ने भारत को पोत निर्माण में आत्मनिर्भर बना दिया है। इस उपलब्धि से समुद्र में भारतीय हितों की रक्षा का अभियान और प्रभावी ढंग से चलाया जा सकेगा। इसके पहले भारत स्वदेशी तकनीक से परमाणु पनडुब्बी आईएनएस 'अरिहंत' का निर्माण 2009 में शुरू करके 2013 में इसे समुद्र में जलावतरण भी कर चुका है। इस स्वदेशी परमाणु चालित पनडुब्बी अरिहंत का परमाणु रिएक्टर चालू होना हमारी स्वदेशी तकनीकि क्षमताओं को विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम था।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण



संकलित
**दर्शन**

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

## गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्याधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्याधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### होर्मुज संकट : विश्व आर्थिकी के लिए बढ़ता खतरा

अमरीका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक चिंता का विषय बना दिया है। यदि यह समुद्री मार्ग लंबे समय तक बाधित रहता है, तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार व्यवस्था प्रभावित होगी। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि क्षेत्रीय संघर्ष अब वैश्विक संकट का रूप ले सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। प्रतिदिन दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल और बड़ी मात्रा में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति इसी रास्ते से होती है। जहाजों की आवाजाही अगर बाधित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आना स्वाभाविक है। – *बलराम सिंघल, अंबाला*

## करंट अफेयर

# ग्रेट बैरियर रीफ के लिए खतरा बना है जल प्रदूषण



जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले प्रवाल विरंजन (कोरल ब्लीचिंग) को आमतौर पर ग्रेट बैरियर रीफ के लिए सबसे बड़ा खतरा माना जाता है, लेकिन दुनिया की इस सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति प्रणाली के सामने खराब जल गुणवत्ता भी एक गंभीर चुनौती है। खेती, शहरों और वन क्षेत्रों से बहकर नदियों में पहुंचने वाली मिट्टी (तलछट) समुद्र में दूर तक पहुंच जाती है। इसकी अधिक मात्रा प्रवाल भित्तियों और समुद्री घास (सीग्रास) के मैदानों को ढक सकती है, जबकि उर्वरकों और कीटनाशकों के अवशेष स्थिति को और खराब कर देते हैं। जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक समस्या है, लेकिन जल गुणवत्ता ऐसा मुद्दा है जिस पर ऑस्ट्रेलिया सीधे कार्रवाई कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने हाल के वर्षों में बार-बार इस पर चिंता जताई है। वर्ष 2023 के बाद जारी चौथे मसौदा निर्णय में भी जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ खराब जल गुणवत्ता को प्रमुख खतरा बताया गया है। मसौदे में 2024-25 में प्रवाल विरंजन, खराब जल गुणवत्ता, मछली पकड़ने के ऐसे गैर टिकाऊ तरीके और तटीय भूमि के अनुचित उपयोग से हुए नुकसान पर ऑस्ट्रेलियाई सरकार से रिपोर्ट मांगी गई है।

## ऑफ बीट

# खुद सब्जियां उगाने वाले कम करते हैं भोजन बर्बाद



जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले (जिनका आहार अक्सर समुचित नहीं होता है), के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3.4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है। हाल के वर्षों में ब्रिटेन और अन्य जगहों पर बगीचों, सामुदायिक उद्यानों और आवंटित भूमि पर ताजा फसल एवं सब्जियां उगाने में दिलचस्पी फिर से बढ़ी है।

## ट्रेंड

### ट्रेड एग्रीमेंट



आज से भारत-यूके कॉम्प्रिहेन्सिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट लागू हो गया है। उम्मीद है कि यह अहम समझौता 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को $100 बिलियन तक पहुंचाएगा।
-**अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### अंतरिक्ष उड़ान



भारतीय मूल के नासा अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन ने अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर कदम रखा है। यह मिशन नई रिसर्च, टेक्नोलॉजी में इनोवेशन और अंतरिक्ष अभियानों के लिए नई संभावनाओं का रास्ता खोलेगा।
- **सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

### पारदर्शी परीक्षा प्रणाली



पारदर्शी परीक्षा प्रणाली हर छात्र का अधिकार है। कांग्रेस पार्टी देश भर में छात्रों के इस अधिकार के लिए लड़ रही है। मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में यह समस्या और भी गंभीर है, जहां व्यापम, पटवारी भर्ती, कॉन्स्टेबल भर्ती और नर्सिंग कॉलेज जैसे घोटाले हुए हैं।
- **कमलनाथ,** पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

### दर्शकों का अपमान




फिल्मों पर सेंसरशिप असल में दर्शकों का अपमान है। स्मार्टफोन और बेहिसाब जानकारी तक पहुंच के इस दौर में, यह सोचना कि सरकार की बनाई कमेटी किसी सच्चाई के बारे में फिल्ममेकर के नज़रिए से बालिग लोगों को बचा सकती है, ये सिर्फ़ पुरानी सोच है, बल्कि बेवकूफी भी है।
- **रामगोपाल वर्मा,** फिल्मकार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

स्पेन ने मौजूदा टूर्नामेंट के 7 मैचों में छठी बार विपक्षी टीम को गोल करने से रोका

# 16 साल बाद फाइनल में स्पेन एम्बाप्पे की स्टार ब्रिगेड फेल

## सेमीफाइनल में स्पेन ने फ्रांस को दी शिकस्त, रविवार को होगा फाइनल



एजेंसी ▶▶| अर्लिंगटन

स्पेन की मजबूत रक्षापंक्ति और आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन के आगे किलियन एम्बाप्पे की अगुआई वाली फ्रांस की स्टार आक्रमण पंक्ति पूरी तरह बेअसर साबित हुई और 2010 की विश्व चैंपियन स्पेन ने एक बार फिर फीफा विश्व कप के फाइनल में जगह बना ली। स्पेन ने सेमीफाइनल में मिकेल ओयारजाबाल और पेड्रो पोरो के गोल के दम पर फ्रांस को 2-0 से शिकस्त दी।

इसके साथ ही स्पेन ने मौजूदा टूर्नामेंट के 7 मैचों में छठी बार विपक्षी टीम को गोल करने से रोकते हुए अपनी शानदार रक्षात्मक क्षमता का एक और नमूना पेश किया। स्पेन अब रविवार को होने वाले फाइनल में गत चैंपियन अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से भिड़ेगा। फाइनल न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में खेला जाएगा।



### फ्रांस को स्पेन से डरना चाहिए : यामाल

मैच से पहले युवा स्टार लामिन यामाल ने कहा था कि फ्रांस को स्पेन से डरना चाहिए और मैदान पर उनका यह दावा सही साबित हुआ। फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज फ्रांस की अगुवाई विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ गोल स्कोररों में शामिल एम्बाप्पे कर रहे थे, जिन्होंने सेमीफाइनल से पहले विश्व कप के 20 मुकाबलों में 20 गोल किए थे। उनके साथ बैलन डी'ओर विजेता उस्मान डेम्बेले और इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक पांच गोल में मदद करने वाले माइकल ओलीसे भी थे, लेकिन यह तिकड़ी स्पेन की रक्षा पंक्ति के आगे प्रभावहीन रही।

### ओयारजाबाल ने पेनाल्टी को गोल में बदला

स्पेन को 22वें मिनट में बढ़त मिली, जब यामाल के शानदार मूव पर फ्रांस के डिफेंडर लुकास डिन्ये ने फाउल कर दिया। इस पेनाल्टी को ओयारजाबाल ने गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद 58वें मिनट में पोरो ने दानी ओल्मो के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए दूसरा गोल दागकर जीत लगभग सुनिश्चित कर दी। अपने 19वें जन्मदिन के एक दिन बाद खेल रहे यामाल ने बाद में एक गोल भी किया, लेकिन करीबी ऑफसाइड के कारण उसे नकार दिया गया। टीम को हालांकि शुरुआती बढ़त दिलाने में उनकी सूझबूझ भरी खेल शैली निर्णायक साबित हुई।

# 14 टीमों के साथ नए प्रारूप में खेला जाएगा वनडे विश्व कप

## आईसीसी ने बदला वनडे वर्ल्ड कप का फॉर्मेट

- वनडे विश्व कप में सुपर सीरीज और सुपर-7 चरण की एंट्री
- 2027 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होगा टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| एडिनबर्ग

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2027 वनडे विश्व कप और 2028 टी20 विश्व कप के प्रारुप में कुछ बदलाव किए हैं, जिनका उद्देश्य दोनों टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा को और अधिक रोमांचक बनाना है। ये फैसले आईसीसी की सालाना बैठक में लिए गए। दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले 2027 वनडे विश्व कप में पूर्व योजना के अनुसार 14 टीमें ही भाग लेंगी, जो पिछले चरण की 10 टीम से अधिक हैं। हालांकि टूर्नामेंट को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आईसीसी ने सुपर सीरीज और सुपर-7 चरण को शामिल किया है।

### सुपर सीरीज में तीन टीम के बीच होंगे मुकाबले

आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में 14 योग्य टीमें भाग लेंगी लेकिन संशोधित प्रारुप के तहत फाइनल तक पहुंचने के लिए तीन चरण की प्रतियोगिता होगी, जिससे टूर्नामेंट के हर मैच का महत्व बढ़ेगा और शुरुआत से लेकर फाइनल तक प्रतिस्पर्धा रोमांचक बनी रहेगी। 'सुपर सीरीज में तीन टीम के बीच मुकाबले होंगे, जिनमें से एक टीम दूसरे दौर में पहुंचेगी, जिसमें छह टीम को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष तीन टीम और दोनों समूहों में शेष टीम में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली एक टीम सुपर-7 (पहले प्रस्तावित सुपर-6 के स्थान पर) में पहुंचेगी। सुपर-7 चरण से शीर्ष चार टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### मुकाबले होंगे पहले से ज्यादा रोमांचक

आईसीसी ने कहा, 'इन बदलावों से हर मैच का महत्व बढ़ेगा और मुकाबले पहले से ज्यादा रोमांचक होंगे। इससे प्रशंसकों को बेहतर अनुभव मिलेगा, वहीं नई और उभरती टीम को भी क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता रहेगा।' ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2028 में होने वाले टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण के बाद अब सुपर-8 की जगह सुपर-10 चरण होगा।टूर्नामेंट में चार-चार टीम के पांच ग्रुप बनाए जाएंगे। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीम सुपर-10 में पहुंचेंगी। पिछले चरण में सुपर-8 के प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सीधे सेमीफाइनल में पहुंचती थीं।

### हर ग्रुप की शीर्ष टीम सीधे पहुंचेगी अंतिम चार में

नए प्रारुप में अब प्रत्येक ग्रुप की केवल शीर्ष टीम ही सीधे अंतिम चार में पहुंचेगी। ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम विपरीत ग्रुप की तीसरे स्थान वाली टीम के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबला खेलेंगी, जिससे प्रतियोगिता में एक नया रोमांच जुड़ जाएगा। आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में उभरती हुई टीम के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए दूसरे चरण में भाग लेने वाली टीम की संख्या 8 से बढ़ाकर 10 करने का फैसला किया गया है।'


### स्कॉटलैंड को यूरोप क्षेत्रीय फाइनल में प्रवेश दिया जाएगा


आईसीसी ने यह भी बताया कि स्कॉटलैंड को 2026 टी20 विश्व कप में विशेष परिस्थितियों में अंतिम समय पर बांग्लादेश की जगह खेलने के कारण सीधे यूरोप क्षेत्रीय फाइनल में प्रवेश दिया जाएगा। वहीं 2026 टी20 विश्व कप में खेलने वाली लेकिन स्वतः क्वालीफाई नहीं कर पाने वाली बाकी टीम सीधे वैश्विक क्वालीफायर में पहुंचेंगी। वैश्विक क्वालीफायर के अन्य आठ स्थानों के लिए क्षेत्रीय क्वालीफिकेशन होगा। इनमें अफ्रीका, एशिया और यूरोप से दो-दो टीम जबकि अमेरिका और पूर्वी एशिया प्रशांत क्षेत्र से एक-एक टीम क्वालीफाई करेंगी। वैश्विक क्वालीफायर में प्रत्येक क्षेत्र की शीर्ष टीम और कुल मिलाकर अगली तीन सर्वश्रेष्ठ टीम 2028 टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# झज्जर के पहलवान अमन ने जीता गोल्ड

## हिसार के विशाल और दीपक को कांस्य पदक, हंगरी में छाए हरियाणा के पहलवान

**रोहतक (हरिभूमि न्यूज़)।** हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित रैंकिंग कुश्ती सीरीज' में भारतीय पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है। झज्जर के स्टार पहलवान अमन सहरावत ने पुरुषों के 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल भारवर्ग में अपनी बादशाहत कायम रखते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इस पूरे टूर्नामेंट में अमन का प्रदर्शन बेहद आक्रामक और एकतरफा रहा, जहां उन्होंने 4 मुकाबलों में शानदार खेल दिखाते हुए कुल 44 पॉइंट हासिल किए और विपक्षी खिलाड़ियों को केवल 6 पॉइंट ही लेने दिए। अमन ने अपने दमदार खेल के दम पर 3 मुकाबलों में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर एकतरफा जीत दर्ज की।





### विशाल ने कजाकिस्तान के पहलवान को दी पटखनी

हिसार के पहलवान विशाल कालीरामन ने 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल भारवर्ग में देश की झोली में कांस्य पदक डाला। ब्रॉन्ज मेडल के लिए हुए मुकाबले में विशाल ने कजाकिस्तान के पहलवान दास्तानबेक को चारों खाने चित कर दिया। विशाल ने पूरे मुकाबले में मजबूत पकड़ बनाए रखी और प्रतिद्वंद्वी को 8-2 के बड़े अंतर से मात देकर पोडियम पर अपना स्थान पक्का किया। अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारतीय पहलवानों के इस शानदार प्रदर्शन से देश के खेल जगत और प्रशंसकों में भारी उत्साह का माहौल है।

### दीपक ने नुरद्दीन को हराया

दीपक ने 61 किग्रा फ्रीस्टाइल में कड़े मुकाबले के बाद कांस्य पदक जीता। दीपक ने प्लेऑफ में अजरबैजान के नुरद्दीन नोवरुजोव को 9-8 से हराया। वहीं 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में कुमार मोहित कजाखस्तान के नाचिन कुलर से हारकर बाहर हो गए।

जापान ओपन


### भारत की चुनौती समाप्त आयुष, उन्नति, लक्ष्य हारकर बाहर


**टोकियो।** युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में संघर्षपूर्ण मुकाबलों में हार गए जबकि लक्ष्य सेन को सीधे गेम में पराजय मिली। एशिया चैंपियनशिप के उपविजेता आयुष को दूसरी वरीयता प्राप्त पूर्व विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुन्लावुत वितिदसर्न ने 21-19, 23-25, 21-15 से हराया। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज उन्नति को चीनी ताइपै की हुआंग यू सुन ने 16-21, 21-16, 21-15 से मात दी। आल इंग्लैंड चैंपियनशिप उपविजेता लक्ष्य को स्थानीय खिलाड़ी कोकी वातानाबे ने 38 मिनट में 21-16, 21-14 से हराया। भारत के तीनों खिलाड़ी पहले दौर की बाधा भी पार नहीं कर सके, जो अगले महीने दिल्ली में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले अच्छा संकेत नहीं है। भारत 17 साल बाद इसकी मेजबानी कर रहा है। अब भारत की उम्मीदें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित टीम पर टिकी हैं। सिंधू का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त चीन की हान युइ से होगा जबकि ध्रुव और तनीषा शीर्ष वरीयता प्राप्त फेंग यान झि और हुआंग डोंग पिंग से खेलेंगे।





# एशियन अंडर-19 और 23 चैंपियनशिप में जीते 17 पदक, इनमें 11 हरियाणा की बेटियों ने कब्जाए


### जकार्ता में छाए मुक्केबाज, निशा ने एकतरफा मुकाबले में जापान की बॉक्सर को हरा जीता गोल्ड












हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित एशियन अंडर-19 और अंडर-23 महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय मुक्केबाजों ने 17 पदक जीते। इनमें 3 गोल्ड, 10 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। इसमें 11 पदक हरियाणा की मुक्केबाजों ने जीते हैं। बुधवार को खेले गए अंडर-23 श्रेणी के फाइनल में निशा ने गोल्ड जीता, जबकि चार अन्य मुक्केबाजों को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इसमें रोहतक की 75 में मुस्कान ने रजत व 80 में नैना ने कांस्य पदक जीता। 65 में काजल ने रजत और 51 में तनु ने कांस्य पदक जीता है। ये दोनों खिलाड़ी रोहतक साई में अभ्यास करती है। अंडर-23 आयु वर्ग के 54 किलोग्राम वर्ग में निशा ने एकतरफा मुकाबले में जापान की कोइन कोकुफु को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक कब्जाया। 60 किलोग्राम में निकिता चंद को उज्बेकिस्तान की मुश्तरिवोनु इब्रोखिमजोन से 5-0 से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक मिला। 65 किग्रा में काजल को उज्बेकिस्तान की सेविंच ख्रामोवा के खिलाफ 5-0 से व 75 किग्रा वर्ग में मुस्कान को कजाकिस्तान की सुगला नाइबाए के खिलाफ 5-0 से शिकस्त झेलनी पड़ी, जिससे दोनों को रजत पदक मिला। हैवीवेट श्रेणी (80+ किग्रा) के रोमांचक मुकाबले में प्रियंका ने बेहतरीन जज्बा दिखाया, लेकिन वह उज्बेकिस्तान की सोबिराखोन शाखोबिदिनोवा से 4-1 से मुकाबला हार गईं और उन्हें रजत पदक मिला। इसके अलावा भारत की तनु (51 किग्रा), प्राची (57 किग्रा), शिवानी (70 किग्रा) और नैना (80 किग्रा) ने सेमीफाइनल तक का सफर तय कर देश के लिए चार कांस्य (ब्रॉन्ज) पदक हासिल किए।

### अंडर-19 में भी छाई म्हारी लाडलियां

इससे पहले एशियन अंडर-19 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी भारतीय बेटियों ने रिंग में उतरकर अपना दबदबा कायम किया और 10 में से 8 पदक अपने नाम किए। इस वर्ग में भारत की दो जांबाज मुक्केबाजों ने स्वर्ण पदक जीतकर तिरंगा लहराया, जिनमें 51 किलोग्राम भार वर्ग में चंद्रिका भोरेशी पुजारी और 57 किलोग्राम भार वर्ग में प्राची शामिल रहीं। इनके अलावा गुंजन (48 किग्रा), जॉयश्री देवी चिरोम (54 किग्रा), चाहत (60 किग्रा), अंशिका (75 किग्रा), मेघा श्योकंद (80 किग्रा) और प्राची टोकस (+80 किग्रा) ने फाइनल तक का सफर तय कर रजत पदक जीते।

### हरियाणा की धरती बॉक्सिंग की नर्सरी बनी : मेजर सिंधु



हरियाणा की बेटियों के इस दमदार प्रदर्शन पर हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने हर्ष और गर्व व्यक्त किया है। उन्होंने सभी पदक विजेताओं और उनके कोचों को बधाई देते हुए कहा कि इन बेटियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराकर पूरे देश को गौरवान्वित किया है। मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा, जकार्ता में देश को मिले 17 पदकों में से 11 पदक हरियाणा की मुक्केबाजों ने जीते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि हरियाणा की धरती आज भी देश के लिए खेल और बॉक्सिंग की सबसे मजबूत नर्सरी बनी हुई है। कोच नवीन खोखर और कोच सुधीर हुड्डा ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा भारत, इंग्लैंड से दूसरी भिड़ंत आज

**कार्डिफ।** पहले मैच में जीत से उत्साहित भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को होने वाले दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने के लिए उतरेगी तो कप्तान शुभमन गिल की फिटनेस और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की फॉर्म पर सभी का ध्यान केंद्रित रहेगा। गिल ने बर्मिंघम में खेले गए पहले वनडे में भारत की छह विकेट से जीत में 80 रन बनाए थे, लेकिन मांसपेशियों में खिंचाव के कारण उन्हें 'रिटायर्ड हर्ट' होकर मैदान छोड़ना पड़ा था। भारत उनके जल्द से जल्द फिट होने की उम्मीद कर रहा होगा। पिछले कुछ समय में यह पहला अवसर नहीं है जबकि गिल को फिटनेस संबंधी समस्या के कारण मैदान छोड़ना पड़ा।

### अक्षर ने मारी लंबी छलांग

अक्षर पटेल बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में शानदार प्रदर्शन से आईसीसी वनडे हरफनमौलाओं की रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। अक्षर में इस मैच में चार विकेट लेने के अलावा नाबाद 57 रन भी बनाए, जिससे वह आईसीसी रैंकिंग की नवीनतम सूची में तीन पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

बिहार सरकार

**समाहरणालय, मुजफ्फरपुर**

( मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग)

—: अल्पकालीन आम नीलामी सूचना :—

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित) के अधीन विभिन्न थाना कांडो/उत्पाद वादो में जब्त एवं समाहर्त्ता–सह–जिला दंडाधिकारी, मुजफ्फरपुर एवं अन्य गठित अधिहरण न्यायालय द्वारा सुसंगत प्रावधानों के तहत् राज्यसात् करने के उपरांत मोटरयान निरीक्षक, मुजफ्फरपुर के द्वारा समर्पित मूल्यांकन प्रतिवेदन के आलोक में मूल्यांकन समिति के बैठक में मूल्यांकन राशि पर अंतिम रूप से सहमति के उपरांत वाहनों की सार्वजनिक नीलामी **"जहाँ है, जैसे है, उसी स्वरूप में"** के आधार पर गठित समिति (अध्यक्ष एवं सदस्यगण) के द्वारा अधोलिखित सारणी के अनुसार संपन्न की जाएगी। निर्धारित तिथि को किसी कारणवश नीलामी की प्रक्रिया अपूर्ण रहने की स्थिति में आवश्यकतानुसार उसके अगले कार्य दिवस को जाएगी।

| क्र० सं० | विवरण | वाहनों की सूची क्रमांक | नीलामी का स्थान | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | नीलामी की तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्रथम नीलामी | 1 से 2 तक | जिला परिषद भवन, मुजफ्फरपुर। | 25.07.2026 | 31.07.2026 | प्रथम नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहनों की सूची नीलामी की तिथि के पूर्व जिला के बेवसाईट www. muzaffarpur.bih.nic.in पर देखा जा सकता है। |
| 2 | द्वितीय नीलामी | प्रथम नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहन | | 07.08.2026 | 11.08.2026 | |
| 3 | तृतीय नीलामी | द्वितीय नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहन | | 18.08.2026 | 21.08.2026 | |
| तृतीय नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहनों की नीलामी विभागीय पत्रांक–809, दिनांक–03 .02.2026 के साथ संलग्न मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के अनुसार मूल्यांकन राशि से 10 प्रतिशत कम करते हुए पुनः 4th (चतुर्थ) अथवा तब तक नीलामी की जाएगी, जबतक की वाहन नीलामी न हो जाए। | | | | | | |
| 4 | 4th नीलामी | 22 से 175 तक | जिला परिषद भवन, मुजफ्फरपुर। | 25.07.2026 | 31.07.2026 | चतुर्थ नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहनों की सूची नीलामी की तिथि के पूर्व जिला के बेवसाईट www. muzaffarpur.bih.nic.in पर देखा जा सकता है। |
| 5 | 5th नीलामी | चतुर्थ नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहन | | 07.08.2026 | 11.08.2026 | |
| 6 | 6th नीलामी | पाँचवी नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहन | | 18.08.2026 | 21.08.2026 | |

—: नीलामी हेतु वाहनों का विवरण :—

| क्र० | वाहन निबंधन संख्या/चेसिस संख्या/ईंजन संख्या | निबंधन की तिथि | वाहन का प्रकार | अधिहरण वाद संख्या/थाना कांड/पी0आर0 संख्या | वाहन का न्यूनतम निर्धारित मूल्य | सुरक्षित जमा राशि (20%) | वाहन स्थल संबंधित थाना/परिसर | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | HR46D-7776 Chasis No- MB1AVP1C8EP BK0727 Engine No- EBPZ05507 | 15.04.2014 | छः चक्का ट्रक | अधिहरण वाद संख्या–76/2023 मीनापुर थाना कांड संख्या–260/2023, दिनांक–19.06.2023 | 234000.00 | 46800.00 | मीनापुर थाना | विजेन्द्र, पिता–अजीत सिंह, सा0–हाउस नं0–11बी0, इस्माईला, जिला–रोहतक, राज्य–हरियाणा, पिन–124501 | वाहन जाँच के क्रम में वाहन का ईंजन संख्या EBPZ05507 तथा चेसिस संख्या MB1AVP1C8EPBK 0727 प्राप्त हुआ तथा वाहन पोर्टल 4.0 पर वाहन संख्या HR46D7776 पाया गया। |
| 2 | HR31S-3941 Chasis No- MBHCZCB3SM F813118 Engine No- K12NP1067784 | 18.08.2021 | मोटरकार | अधिहरण वाद संख्या–295/2023–24 काँटी थाना कांड संख्या–687/22, दिनांक–11.10.2022 | 333000.00 | 66600.00 | काँटी थाना | श्री जोगिन्दर, पिता–सज्जन, सा0–देवरर तेह, जिला–जिन्द जुलाना, जिन्द हरियाणा, राज्य–हरियाणा, पिन–126101 | – |
| 3 | HR26DR-4791 Chasis No- MBJ11JV400739 8458 Engine No- 2KDU260048 | 15.04.2013 | टोयटा इनोवा | अधिहरण वाद संख्या–130/2024–25 उत्पाद थाना कांड संख्या–1350/24, दिनांक–28.07.2024 | 216000.00 | 43200.00 | मद्यनिषेध थाना | महेश, पिता–लक्ष्मी नारायण, सा0–किलोर पट्टी, तुलसी वाला बाग, हाउस नं0–703, गली नं0–01, झरसा,सेक्टर 39, जिला–गुड़गांव, राज्य–हरियाणा। | – |
| 4 | HR38X-0743 Engine No- E424CDJA18325 8 | 09.03.2018 | ट्रक | अधिहरण वाद संख्या–178/2024–25 उत्पाद थाना कांड संख्या–1724/24, दिनांक–25.09.2024 | 360000.00 | 72000.00 | मद्यनिषेध थाना | कमलेश कुमार, पिता–हरिन्दर महतो, साकिन–मकान संख्या–K75 वार्ड नं0–13, AC नगर N.I.T. जिला–फरीदाबाद, राज्य–हरियाणा, पिन कोड–121001 | वाहन पर अंकित निबंधन संख्या UP31AT-0728 वास्तविक निबंधन संख्या– HR38X-0743 |
| 5 | HR26AK-5153 Chasis No- MA3EYD81S009 15696 Engine No- F8DN1162982 | 14.05.2007 | कार | अधिहरण वाद संख्या–59/2024–25 उत्पाद थाना कांड संख्या–2129/2023, दिनांक–09.11.2023 | 36000.00 | 7200.00 | मद्यनिषेध थाना | विक्कू कुमार, पिता–अर्जुन कामती, सा0–वी0पी0ओ0 बाजिराबाद, सेक्टर–52, गुरगांव, राज्य–हरियाणा। | – |

उक्त नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला के वेबसाईट **www.muzaffarpur.bih.nic.in** पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, मुजफ्फरपुर

PR. No. 007813 (Excise ) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।




## खबर संक्षेप

### कांगो में इबोला: 2000 पार हुए संक्रमित

**नई दिल्ली।** अफ्रीकी देश कांगो में इबोला वायरस बेकाबू हो चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमितों का कुल आंकड़ा 2,011 तक पहुंच गया है, जबकि अब तक 754 मरीजों की मौत हो चुकी है। हालात इतने गंभीर हैं कि स्वास्थ्य अधिकारी इस प्रकोप के पहले मरीज यानी पेशेंट जीरो की पहचान भी नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा, बुंडीबुग्यो इबोला वायरस के लिए अब तक कोई स्वीकृत वैक्सीन या प्रभावी इलाज उपलब्ध नहीं होने के कारण चुनौती और ज्यादा बढ़ गई है।

### अमेरिका के सिक्के पर ट्रंप की तस्वीर



**नई दिल्ली।** अमेरिका की आजादी की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर अमेरिकी सरकार 1 डॉलर का नया सोने का सिक्का जारी करने जा रही है। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बताया कि इस 24 कैरट के स्मारक सिक्के पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर होगी। सिक्के पर लिबर्टी, इन गॉड वी ट्रस्ट के साथ 1776-2026 उकेरा गया है।

### अवैध मनी ट्रांसफर में भारतीय को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर की एक अदालत ने बिना लाइसेंस के अवैध रूप से सीमा पार धन-अंतरण (मनी ट्रांसफर) कारोबार चलाने के आरोप में 45 वर्षीय भारतीय नागरिक राजू कृष्णमूर्ति को करीब 11 महीने की जेल और 60,000 सिंगापुर डॉलर जुर्माने की सजा सुनाई है। कृष्णमूर्ति ने लिटिल इंडिया इलाके में एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर इस अवैध कारोबार के जरिए 2.8 करोड़ सिंगापुर डॉलर से अधिक का लेनदेन किया था।

### बेल्जियम और ईयू नेताओं से मिले कई मंत्री

# ऊर्जा और इनोवेशन समेत कई मुद्दों पर जयशंकर ने की चर्चा

**बंदरगाहों समुद्री क्षेत्र सेमीकंडक्टर और आपूर्ति सहित कई क्षेत्रों में करेंगे सहयोग**

एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बेल्जियम और यूरोपीय संघ (ईयू) के शीर्ष अधिकारियों के साथ कई अहम बैठकें कीं। इस दौरान भारत-बेल्जियम रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने, व्यापार, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा, कनेक्टिविटी और तकनीकी सहयोग सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। जयशंकर ने बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री मैक्स प्रीवोट के साथ ब्रुसेल्स में पहली भारत-बेल्जियम रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच साझेदारी में महत्वपूर्ण विस्तार हुआ है और वार्ता में भारत के बेल्जियम तथा यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को नई ऊंचाई देने की महत्वाकांक्षा दिखाई दी।



#### स्टार्टअप्स, रिसर्च और इनोवेशन की तलाशी

इसके अलावा विदेश मंत्री ने यूरोपीय संघ की स्टार्टअप्स, रिसर्च और इनोवेशन आयुक्त एकातेरिना जाखारिएवा से भी मुलाकात की। बैठक में स्वच्छ और हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान, नवाचार केन्द्रों, स्टार्टअप्स और होराइजन यूरोप कार्यक्रम के साथ भारत के सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई।जयशंकर ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी साझेदारी को बढ़ाने के लिए नए अवसरों पर विचार किया गया। उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा, स्टार्टअप इकोसिस्टम और अत्याधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग को भविष्य की साझेदारी का अहम हिस्सा बताया।

#### सहयोग बढ़ाने को सहमत

विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि बैठक में राजनीतिक, आर्थिक, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा, मोबिलिटी और फार्मास्यूटिकल क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की गई। इसके अलावा बंदरगाहों, समुद्री क्षेत्र, सेमीकंडक्टर और आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने वैश्विक घटनाक्रमों, विशेष रूप से पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने यूरोपीय आयोग के अंतरराष्ट्रीय साझेदारी आयुक्त जोसेफ सिका से भी मुलाकात की। इस दौरान भारत-यूरोपीय संघ के बीच कनेक्टिविटी, त्रिपक्षीय साझेदारी, भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) और ग्रीन शिपिंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।

## आईएसएस पर पहुंचे अंतरिक्ष यात्री



*वॉशिंगटन। नासा के भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन और दो रूसी कोस्मोनॉट्स बुधवार की सुबह (भारतीय समय) इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंच गए। सोयुज एमएस-29 स्पेसक्राफ्ट से तीन घंटे से ज्यादा की यात्रा के बाद वे वहां पहुंचे। उन्होंने आपस में गले मिलकर और हाथ मिलाकर स्वागत किया।*

# वाराणसी रिंग रोड के बीच 6 लेन एलिवेटेड कॉरिडोर से लाखों लोगों को होगा लाभ

## कैबिनेट की बैठक में कई बड़े निर्णय लिए गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश के बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) और औद्योगिक विकास को एक नई ऊंचाई देने के लिए अब तक के सबसे बड़े निवेश प्रस्तावों में से एक को हरी झंडी दे दी है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई युगांतकारी निर्णय लिए गए, जिनकी घोषणा केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। देश को वैश्विक विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) हब बनाने और कनेक्टिविटी को सुगम बनाने के उद्देश्य से कैबिनेट ने कुल 2,19,353 करोड़ के कुल बजट वाले सा बड़े प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। यह विशाल पैकेज देश की आर्थिक विकास दर को तेज करने और औद्योगिक परिदृश्य को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। केंद्रीय कैबिनेट ने एनएच-19 और वाराणसी रिंग रोड के बीच 14,447.64 करोड़ की लागत से बनने वाले 6 लेन के ग्रीनफील्ड एलिवेटेड कॉरिडोर को मंजूरी दी है।

#### 2,19,353 करोड़ की परियोजना स्वीकृत



एनएच-19 उत्तर प्रदेश के आगरा से शुरू होकर पश्चिम बंगाल के कोलकाता (डंकुनी) तक जाता है। यह लगभग 1323 किलोमीटर लंबा मार्ग है जो उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों से होकर गुजरता है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इस बारे में बताया। उन्होंने बताया कि 2,19,353 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

#### यातायात होगा सुगम,जाम से मुक्ति मिलेगी

**गंगा नदी के किनारे छह लेन का कॉरिडोर:** वाराणसी में भीड़ कम करने के उद्देश्य से कैबिनेट ने एनएच-19 और वाराणसी रिंग रोड के बीच गंगा नदी के किनारे कनेक्टिविटी के साथ एक लिंक/कनेक्टर कॉरिडोर के विकास को मंजूरी दे दी है। 46.039 किमी लंबी इस परियोजना में 6 लेन का एलिवेटेड मेन कैरिजवे, एक प्रतिष्ठित केबल-स्टे ब्रिज, एक्स्ट्राडोज्ड फुट ओवर ब्रिज-कम-मेजर ब्रिज, लूप, रैंप, लिंक रोड और सर्विस रोड शामिल हैं। यह परियोजना हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएम) के तहत कुल 14,447.64 करोड़ की पूंजी लागत पर अमल में लाई जाएगी।

# नागा-कुकी संघर्ष में 24 की मौत, उखरुल और कांगपोकपी बन रहे मुख्य हॉटस्पॉट, अपहरण आगजनी और आर्थिक नाकेबंदी तेज



एजेंसी ▶▶ इंफाल

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर एक बार फिर जातीय हिंसा की आग में सुलग रहा है। इस साल जनवरी 2026 से लेकर जुलाई के दूसरे हफ्ते तक राज्य में नागा और कुकी समुदायों के बीच भड़की हिंसक झड़पों में अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कम से कम 47 लोग घायल हुए हैं। पहले से जारी मैतेई-कुकी संघर्ष के बाद अब नागा और कुकी सशस्त्र समूहों के बीच हिंसक टकराव, अपहरण, आगजनी और आर्थिक नाकेबंदी का सिलसिला तेज हो गया है। हालात इस कदर संवेदनशील हो चुके हैं कि तनाव अब राजधानी इंफाल से सटे और म्यांमार सीमा से लगते पांच बड़े रणनीतिक इलाकों तक फैल गया है।




### पोलैंड के मंत्री का बयान

# पीएम मोदी ने पुतिन को परमाणु हमले से पहले ही रोक दिया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पोलैंड के डिप्टी विदेश मंत्री व्लादिस्लाव तेओफिल बार्तोशेव्स्की ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ा दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2022 के आखिर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन युद्ध में टैक्टिकल परमाणु हथियार इस्तेमाल करने से रोकने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत-पोलैंड संयुक्त आर्थिक आयोग की बैठक के बाद बार्तोशेव्स्की ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन दुनिया के जिन गिने-चुने वैश्विक नेताओं की बात गंभीरता से सुनते हैं, उनमें पीएम मोदी शामिल हैं। भारत और रूस के पुराने व गहरे रिश्तों की वजह से पुतिन पर पीएम मोदी का खासा असर है और वे उन चुनिंदा लोगों में हैं जो पुतिन पर दबाव डाल सकते हैं। यह बयान यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम मोदी की सफल कूटनीतिक कोशिशों को दर्शाता है।

जिसमें उन्होंने पहले भी पुतिन से कहा था कि 'आज का दौर युद्ध का दौर नहीं है'। भारत लगातार दोनों देशों के बीच बातचीत और कूटनीति पर जोर देता रहा है।

### शुरू की सीफेरर-फर्स्ट रणनीति

# होर्मुज संकट: भारतीय नाविकों की सुरक्षा पर सरकार सख्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



मिडिल-ईस्ट के स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में दो कमर्शियल जहाजों- एमटी अल बहिया और एमटी मोम्बासा पर हुए हालिया हमलों के बाद समुद्र में सुरक्षा संकट गहरा गया है। इस हमले में एक भारतीय नाविक की मौत के बाद भारत सरकार ने अपने नाविकों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए हैं। केंद्रीय बंदरगाह, शिपिंग और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद 'सीफेरर-फर्स्ट' प्रतिक्रिया रणनीति की शुरुआत की है। इसके अलावा, सरकार ने प्रभावित परिवारों की मदद के लिए हर पीड़ित नाविक हेतु एक समर्पित संपर्क अधिकारी (नोडल ऑफिसर) नियुक्त करने का आदेश दिया है, जो इलाज, घर वापसी और मुआवजे से जुड़े सभी कार्यों में मदद करेगा। अब इस संवेदनशील क्षेत्र में कोई भी जहाज नए खतरे के आकलन और शिप मास्टर की अनुमति के बिना आगे नहीं बढ़ सकेगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28